रोहतक
बुधवार 16 सितंबर 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 30, अंक : 223
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम हरियाणा
अधि. 36.2°C
न्यून. 23.4°C

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

7 टी20 फॉर्मेट में फिर गूंजेगा भारत का डंका, दो गोल्ड पर टिकी निगाहें

2000 से कम लेन-देन पर नहीं लगेगा कोई भी चार्ज

अब 5000 की यूपीआई पेमेंट पर ₹20 एमडीआर

आम आदमी के लिए फ्री, दुकानदार को देना होगा यह चार्ज

अधिकतम फीस तीन सौ रुपये, 15 अक्टूबर से लागू | रुपे डेबिट कार्ड से पेमेंट पर छूट | स्ट्रीट वेंडर प्रति माह 1 लाख तक फ्री लेन-देन कर सकेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अब यूपीआई से 2,000 से ज्यादा पेमेंट पर 0.4% चार्ज लगेगा। फीस की मैक्सिमम लिमिट 300 रुपये तक की गई है। यह अमाउंट अलग-अलग ट्रांजैक्शन पर निर्भर करेगा। यह शुल्क ग्राहकों से नहीं बिजनसमैन से लिया जाएगा। हालांकि 2,000 तक पेमेंट करने पर ग्राहक और बिजनेसमैन दोनों से किसी तरह की फीस नहीं ली जाएगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को नोटिफिकेशन जारी कर यह स्थिति साफ कर दी थी। रुपे डेबिट कार्ड से होने वाले पेमेंट को भी इस छूट में शामिल किया गया है। दरअसल, अगस्त में संसद से टैक्सेशन एंड अदर लॉज (अमेंडमेंट) एक्ट, 2026 पास होने के बाद यूपीआई पेमेंट पर चार्ज को लेकर चर्चा शुरू हुई थी।

नए नियम में यह बदलाव

- एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को पैसा भेजना पूरी तरह से फ्री रहेगा।
- 2,000 तक ग्राहक से दुकानदार को भुगतान फ्री रहेगा।
- 2,000 से ज्यादा अमाउंट पर दुकानदार को मिलने वाले पेमेंट पर 0.4% चार्ज लगेगा।
- कैलकुलेशन के मुताबिक, 75,000 या उससे ज्यादा के हर ट्रांजैक्शन पर 300 ही फीस लगेगी।
- रेलवे, टेलीकॉम सर्विस, इंश्योरेंस और ईंधन जैसी चुनिंदा कैटेगिरी में 2,000 से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर प्रति ट्रांजेक्शन 5 का फ्लैट चार्ज लगेगा।

एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंट रेट

- दुकानदार से डिजिटल पेमेंट लेने के बदले दी जाने वाली फीस एमडीआर कहलाती है।
- अगर ग्राहक ने 5000 की पेमेंट की तो एमडीआर 0.4 प्रतिशत लगेगा।
- दुकानदार से बैंक या पेमेंट सिस्टम 20 रुपये एमडीआर फीस लेगा।
- यह चार्ज केवल दुकानदार से जुड़ा हुआ है, आम आदमी से नहीं।

आम आदमी के सवाल और उनके जवाब

2025-26 में 198 करोड़ यूपीआई से पेमेंट हुई
4% ट्रांजैक्शन ही 2000 रुपये से ज्यादा की

सवाल: क्या 2,000 की पेमेंट पर कोई चार्ज लगेगा?
जवाब: नहीं। 2,000 तक के यूपीआई पेमेंट पर कोई भी चार्ज नहीं लगेगा। यह पूरी तरह फ्री होगा।
सवाल: अगर मुझे 5,000 का यूपीआई पेमेंट करना हो तो क्या फीस लगेगी?
जवाब: 2,000 से ज्यादा के पेमेंट पर 0.4% की नई फीस लागू की गई है। हालांकि चार्ज की मैक्सिमम लिमिट 300 रुपये तक की गई है। ये आपके ट्रांजैक्शन की रकम पर निर्भर होगा। 5000 की पेमेंट पर 20 रुपये चार्ज लगेगा।
सवाल: अगर मैं दोस्त या परिवार के किसी सदस्य को 5,000 या 10,000 भेजूं तो क्या फीस लगेगी?
जवाब: नहीं। एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को किए जाने वाले पेमेंट मुफ्त रहेंगे। इसलिए दोस्त, परिवार या किसी दूसरे व्यक्ति को बड़ी रकम यूपीआई से भेजने पर इस फैसले का सीधा असर नहीं पड़ेगा।
सवाल: यह फीस किन पेमेंट पर लग रही है?
जवाब: मुख्य चर्चा मर्चेंट पेमेंट को लेकर है। यानी जब आप किसी दुकान, कारोबारी या सर्विस प्रोवाइडर को यूपीआई से पेमेंट करते हैं। तो उस ट्रांजैक्शन पर एमडीआर लागू हो जाएगा, तो तय सीमा से ज्यादा के चुनिंदा मर्चेंट पेमेंट इसके दायरे में आ जाएंगे।
सवाल: एमडीआर क्या होता है और यह किससे लिया जाता है?
जवाब: एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंट रेट। आसान भाषा में यह डिजिटल पेमेंट स्वीकार करने की सुविधा के बदले दुकानदार या कारोबारी से लिया जाने वाला शुल्क है। कार्ड पेमेंट में इस तरह का शुल्क पहले से मौजूद है। अगर यूपीआई पर एमडीआर लागू होता है, तो यह मुख्य रूप से मर्चेंट से जुड़ा शुल्क होगा।
सवाल : एमडीआर का असर ग्राहक पर पड़ेगा या दुकानदार पर?
जवाब: अभी इस बारे में अंतिम व्यवस्था तय नहीं है। एमडीआर मर्चेंट से जुड़ा शुल्क है, इसलिए इसका सीधा असर दुकानदार या कारोबारी की पेमेंट लागत पर पड़ सकता है। हालांकि, अगर कारोबारी की लागत बढ़ती है तो वह इसे अपनी कारोबारी लागत में शामिल कर सकता है।
सवाल : यूपीआई कैसे काम करता है?
यूपीआई सर्विस के लिए आपको एक वर्चुअल पेमेंट एड्रेस तैयार करना होता है। इसके बाद इसे बैंक अकाउंट से लिंक करना होगा। इसके बाद आपका बैंक अकाउंट नंबर, बैंक का नाम या आईएफएससी कोड आदि याद रखने की जरूरत नहीं होती। पेमेंट करने वाला बस आपके मोबाइल नंबर के हिसाब से पेमेंट रिक्वेस्ट प्रोसेस करता है।

यात्रियों ने एयरलाइन चोर-चोर के नारे लगाए

दिल्ली-दुबई स्पाइसजेट की 2 फ्लाइट 24 घंटे लेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्पाइसजेट की दिल्ली से दुबई जाने वाली दो फ्लाइट 24 घंटे से ज्यादा लेट हो गईं। देरी से परेशान करीब 200 यात्रियों ने मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 के अंदर जमीन पर बैठकर प्रदर्शन किया। एयरलाइन चोर है के नारे लगाए। यात्री सोमवार से अपने फ्लाइट का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, बिना कोई स्पष्ट कारण बताए दोनों फ्लाइट का शेड्यूल बार-बार बदला गया। दोनों फ्लाइट मंगलवार दोपहर तक उड़ान नहीं भर सकीं। इनमें पहली फ्लाइट, एसजी 5111 को सोमवार सुबह 8:30 बजे दिल्ली से उड़ना था और 11:15 बजे दुबई पहुंचना था। वहीं, एसजी 5105 को रात 10:10 बजे उड़ान भरनी थी और 12:55 बजे दुबई पहुंचना था। समय पर उड़ान के मामले में स्पाइसजेट के इस साल का रिकॉर्ड बाकी सभी बड़ी एयरलाइंस के मुकाबले खराब रहा है। जुलाई में स्पाइसजेट की सिर्फ 34.5% फ्लाइट ऑन टाइम थीं।

स्पाइसजेट बोली- एक विमान ग्राउंडेड होने से बढ़ी परेशानी
स्पाइसजेट के मुताबिक, एक विमान ग्राउंडेड होने के बाद ऑपरेशनल कारणों से दोनों फ्लाइट में देरी हुई। एयरलाइन ने प्रभावित यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से भेजने की व्यवस्था शुरू की है। फ्लाइट ग्राउंडेड होने का मतलब है कि विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया है। ऐसा आमतौर पर तकनीकी खराबी, सुरक्षा कारणों या किसी आधिकारिक आदेश की वजह से होता है। एयरलाइन ने घटना को लेकर यात्रियों से माफी मांगी। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि पैसेंजर्स को जल्द से जल्द दूसरी फ्लाइठ से दुबई पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

कर्नाटक में फ्रिज फटा चार महिलाओं की मौत

- शॉर्ट सर्किट से ब्लास्ट की आशंका
- घर में लगी आग से दो झुलसे

बेलगावी (एजेंसी)। कर्नाटक के बेलगावी में मंगलवार सुबह एक घर में फ्रिज फटने के बाद आग लग गई। हादसे में परिवार की चार महिलाओं की मौत हो गई। घटना चवत गली में सुबह करीब 2:30 बजे हुई। मरने वालों की पहचान गंगा डामोने, शारदा डामोने, प्रिया डामोने और भारती डामोने के रूप में हुई है। दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, ब्लास्ट के बाद फ्रिज आग लगी। जो पूरे घर में तेजी से फैल गई और अंदर मौजूद लोग बाहर नहीं निकल सके। बेलगावी पुलिस कमिश्नर प्रकाश निकम ने बताया कि हादसे में गजानन डामोने और उनके बेटे रोशन डामोने गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। गजानन करीब 80% झुलसे हैं, जबकि रोशन करीब 40% झुलसे हैं। महिलाओं की मौके पर ही जलने से मौत हो गई।

हूती विद्रोहियों का सऊदी अरब पर मिसाइल हमला

- मक्का में पहली बार इमरजेंसी अलर्ट जारी
- लोगों को इमारतों से दूर रहने की सलाह

मक्का (एजेंसी)। यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को सऊदी अरब पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इसके बाद सऊदी अरब ने मक्का में पहली बार इमरजेंसी अलर्ट जारी किया। सऊदी सिविल डिफेंस के मुताबिक, नेशनल अर्ली वार्निंग प्लेटफॉर्म ने अलर्ट जारी किया था। लोगों से ऊंची इमारतों से दूर रहने की अपील की गई। कुछ देर बाद सिविल डिफेंस ने बताया कि खतरा टल गया है। हालांकि, लोगों से भीड़ से दूर रहने और किसी घटना की वीडियो या फोटो नहीं बनाने की अपील की गई। मंगलवार सुबह जेद्दा और ताइफ में भी ऐसे ही इमरजेंसी अलर्ट जारी किए गए थे। इन्हें भी कुछ देर बाद वापस ले लिया गया। मक्का, जेद्दा और ताइफ में जारी अलर्ट में लोगों से कहा गया कि वे भीड़ और खुले इलाकों में जाने से बचें। लोगों से शांत रहने और किसी भी खतरे की स्थिति में तुरंत सुरक्षित जगह जाने की अपील की गई।

खबर संक्षेप

फिर शुरू हुई केदारनाथ धाम यात्रा, जा रहे श्रद्धालु

देहरादून। केदारनाथ धाम यात्रा करीब 36 घंटे बाद मंगलवार को फिर शुरू हो गई। चीरबासा भूस्खलन क्षेत्र में रास्ता सुरक्षित किए जाने के बाद सोनप्रयाग से श्रद्धालुओं को 200-200 के अंतराल में केदारनाथ भेजा जा रहा है। सुरक्षाकर्मी भूस्खलन प्रभावित हिस्से से श्रद्धालुओं को एक-एक कर सुरक्षित पार करा रहे हैं। रास्ते में पत्थर गिरने की आशंका को देखते हुए जवान लगातार निगरानी कर रहे हैं। *एजेंसी*

उपभोक्ता कानून के दायरे में ही रहेंगे डॉक्टर

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टर और अस्पताल को उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में लाने वाले अपने 31 साल पुराने फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। सुको ने कहा कि डॉक्टर और अस्पताल आगे भी उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत ही मरीजों के प्रति जवाबदेह रहेंगे। इस बारे में दायर एक सुधारात्मक याचिका को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने खारिज कर दिया। याचिका में 1995 के फैसले को चुनौती दी गई थी।

मुख्यमंत्री ने हसीरानी के लिए ये सीट छोड़ी

शुभेंदु अधिकारी के पीए की मां नंदीग्राम से प्रत्याशी

- *बंगाल चुनाव नतीजे के 2 दिन बाद चंद्रनाथ रथ की हुई थी हत्या*
- *ममता गुट ने नंदीग्राम से संचिता और रेजीनगर से रबीउल को उतारा*

कोलकाता (एजेंसी)। भाजपा ने पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने नंदीग्राम से हसीरानी रथ और रेजीनगर से शाश्वर सरकार को टिकट दिया है। हसीरानी रथ मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की मां हैं। 6 मई की देर रात मध्यमग्राम के पास चंद्रनाथ को गोली मार दी गई थी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उनकी मौत हो गई। इस साल अप्रैल-मई में हुए बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 207 सीटें जीती थीं। तृणमूल कांग्रेस को 80 और कांग्रेस को 2 सीटें मिली थीं। इन नतीजों के बाद ममता बनर्जी 15 साल बाद सत्ता से बाहर हो गईं।

नंदीग्राम में टीएमसी के दो गुट भी आमने-सामने
उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस के दोनों गुट भी आमने-सामने हैं। ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट ने नंदीग्राम से मोहम्मद एतेशामुल हक और रेजीनगर से सफीउज्जमान शेख को मैदान में उतारा है। वहीं ममता वाले गुट ने नंदीग्राम से संचिता प्रधान डे और रेजीनगर से पूर्व विधायक रबीउल आलम चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। दोनों गुट खुद को असली टीएमसी बताते हुए 'जोड़ा घास फूल' चुनाव चिह्न पर दावा कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने दोनों पक्षों से अतिरिक्त दस्तावेज मांगे हैं और 16 सितंबर तक जवाब देने को कहा है। अगर उपचुनाव से पहले आयोग इस विवाद पर फैसला नहीं कर पाता है, तो मौजूदा चुनाव चिह्न फ्रीज किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में दोनों गुटों को अलग नाम और चुनाव चिह्न के साथ मैदान में उतरना पड़ सकता है।

सीआरपीएफ कोबरा यूनिट की पहली महिला आईजी संजुक्ता

2006 बैच की आईपीएस अधिकारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। 2006 बैच की आईपीएस अधिकारी संजुक्ता पाराशर को सीआरपीएफ की कोबरा यूनिट का आईजी नियुक्त किया गया। कोबरा का पूरा नाम कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन है। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। सीआरपीएफ मुख्यालय ने पिछले हफ्ते उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया था। जानकारी आज सामने आई है। वह 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी दानेश राणा की जगह लेंगी।

एनडीए के 3 सहयोगी दलों का यूसीसी को समर्थन

शाह ने कहा था, 2029 तक 21 राज्यों में लागू होगा यूसीसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। एनडीए के 3 सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी, शिंदे गुट की शिवसेना और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के समर्थन की बात कही है। वहीं, बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा कि वह राज्य में यूसीसी लागू नहीं होने देगा। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह ने 13 सितंबर को कहा था कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा और एनडीए शासित 21 राज्यों में यूसीसी लागू कर दिया जाएगा। फिलहाल देश में 22 राज्यों में एनडीए की सरकार है। इनमें उत्तराखंड में जनवरी 2025 से यूसीसी लागू है। यानी बाकी 21 राज्यों में इसे लागू करने का लक्ष्य है। गुजरात, असम और मध्य प्रदेश में यूसीसी बिल पास हो चुका है। अब इन राज्यों में राष्ट्रपति की मंजूरी और अधिसूचना जारी होने का इंतजार है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ ने यूसीसी का कानून तैयार करने के लिए समितियां गठित की हैं।

टीडीपी नेता बोले- पार्टी यूसीसी का समर्थन करेगी
लोकसभा में टीडीपी नेता लावू कृष्ण देवरायुलु ने कहा कि पार्टी यूसीसी का समर्थन करेगी। इसे लागू करने से पहले सभी संबंधित पक्षों से बातचीत की जाएगी। फिलहाल इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई है। टीडीपी और जदयू पहले यूसीसी से जुड़े कानून का विरोध कर चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद टीडीपी के एनडीए में शामिल होने से पहले चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि यूसीसी के मुद्दे पर पार्टी मुस्लिम समुदाय के साथ खड़ी रहेगी।

अमेरिका ने माना- स्पेस में तैनात किए हथियार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका ने पहली बार माना है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक ने सोमवार इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास ऑर्बिट में ऐसे हथियार हैं, जिनका इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए किया जा सकता है। अमेरिकी अधिकारी ने यह नहीं कहा कि ये हथियार आखिर किस तरह के हैं, कितने हैं और इन्हें कब अंतरिक्ष में भेजा गया था। अमेरिका का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका, रूस और चीन के बीच अंतरिक्ष में अपनी ताकत बढ़ाने की होड़ चल रही है। इससे अंतरिक्ष में हथियारों की दौड़ और तेज होने की आशंका भी बढ़ गई है।

कौन से वेपन, कब भेजे
- अंतरिक्ष में युद्ध छिड़ने का लगातार बढ़ता जा रहा खतरा
- अमेरिका रूस और चीन की बढ़ती अंतरिक्ष सैन्य ताकत को लेकर जताता रहा है चिंता

अमेरिका के खुलासे से उलटा नुकसान भी संभव
अमेरिका लंबे समय से रूस और चीन की बढ़ती अंतरिक्ष सैन्य ताकत को लेकर चिंता जताता रहा है। आज के युद्ध में सैटेलाइट बहुत जरूरी हो गए हैं। सेनाएं इनका इस्तेमाल आपस में संपर्क करने, रास्ता पता करने, खुफिया जानकारी जुटाने और मिसाइलों पर नजर रखने जैसे कामों में करती हैं।

न्यूयॉर्क में भारतीय मूल की महिला ट्रेन से कटी

- पटरी पर साथ बैठे नेपाली दोस्त की भी मौत

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक हादसे में भारतीय मूल की महिला और उसके नेपाली मूल के दोस्त की मौत हो गई। दोनों की उम्र 24 साल थी। वे लोअर मैनहट्टन में एक सबवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर बैठे थे। इसी दौरान दोनों वहां से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गए। घटना शनिवार देर रात की है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो सामने आया। वीडियो में दोनों ट्रेन आने से कुछ सेकंड पहले ट्रैक पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। ट्रेन ऑपरेटर ने बताया कि उसने महिला को हंसते हुए देखा था। वह दोस्त को अपनी तरफ खींच रही थी। यह घटना स्प्रिंग स्ट्रीट सबवे स्टेशन की है। न्यू जर्सी के डेटन की रहने वाली मलाइका चित्रे और सेरेविल के रहने वाले नवम कौल शनिवार देर रात करीब 3:15 बजे ट्रैक पर थे।

लॉरेंस का सहयोगी करमवीर कनाडा से निर्वासित, पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया

भाषा ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एजीटीएफ ने 3 सितंबर को उसके खिलाफ 'लुक आउट सर्कुलर' किया था जारी

जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी सहयोगी करमवीर सिंह को कनाडा से निर्वासित किए जाने के बाद मंगलवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर पंजाब पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के 'एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स' (एजीटीएफ) द्वारा करमवीर सिंह की गिरफ्तारी को अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। यह घटनाक्रम पंजाब पुलिस द्वारा जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के प्रमुख सदस्य भगोड़े अपराधी अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत डालम को मोल्दोवा गणराज्य से प्रत्यर्पित कर भारत लाने में सफलता हासिल करने के कुछ ही समय बाद सामने आया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''करमवीर सिंह ने अमेरिका में अनमोल बिश्नोई को साजोसामान संबंधी मदद और छिपने के लिए ठिकाना उपलब्ध कराया था। वह राज्य अपराध पुलिस थाना, एसएएस नगर में दर्ज प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), शस्त्र अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत वांछित था। पंजाब एजीटीएफ ने तीन सितंबर 2026 को उसके खिलाफ 'लुक आउट सर्कुलर' (एलओसी) जारी किया था।

चेक बाउंस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिया अंतिम मौका, कहा

राजपाल एक्टिंग में माहिर, भरोसा करना मुश्किल

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक्टर राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में 2 करोड़ रुपये जमा करने के लिए आखिरी बार 2 हफ्ते का समय दिया है। यह रकम सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री में जमा करनी होगी। कोर्ट ने अभिनेता को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने उनके पुराने रवैये को देखते हुए भरोसा जताने में भी संदेह जाहिर किया। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 'उनके पुराने रवैये को देखते हुए। कोई उन पर भरोसा कैसे कर सकता है? वे बॉलीवुड में ड्रामा और एक्टिंग करने में माहिर हैं। कोर्ट में भी वही कर रहे हैं।' चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने राजपाल यादव को अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी से मिली राहत जारी रखी है। अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी।

2 करोड़ रुपये 2 सप्ताह में जमा करने का आदेश

अदालतों में अब तक 15 सुनवाई, 14 बार आदेश नहीं माना
राजपाल यादव से जुड़े चेक बाउंस मामले में पिछले 3 सालों में दिल्ली हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक 15 बार सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने कभी भुगतान करने और कभी समझौते की बात कही। लेकिन हर बार राजपाल ने बात नहीं मानी। इससे पहले ट्रॉयल कोर्ट में भी मामला 6 साल चला।

मामले में अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी

राजपाल ने लिया था 5 करोड़ का लोन
यह विवाद 2010 का है। राजपाल ने अपनी पहली फिल्म डायरेक्ट करने के लिए दिल्ली की एक कंपनी मुरली प्रोजेक्ट्स से करीब 5 करोड़ रुपये का लोन लिया था। इस फिल्म का नाम 'अता पता लापता' था। कॉमेडी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म इतनी कमाई नहीं कर पाई कि उसका खर्च निकल सके। इसके बाद राजपाल यादव को लोन चुकाने में दिक्कत हुई।

2012 में मुरली प्रोजेक्ट्स ने हाईकोर्ट का रुख किया था
विवाद बढ़ने के बाद मुरली प्रोजेक्ट्स ने 2012 में फिल्म को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को फिल्म के अधिकारों में तीसरे पक्ष का हित बनाने से रोक दिया था। इसके बाद सात चेक बाउंस होने पर एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत सात शिकायतें दर्ज की गईं। यादव की ओर से बाद में हुए 21 अप्रैल 2013 के सहमति समझौते पर भी जोर दिया गया है। इसके तहत दोनों पक्षों ने 10.40 करोड़ रुपये के पूर्ण और अंतिम समझौते पर सहमति जताई थी, जिसमें 40 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए पहले ही दिए जा चुके थे।

खबर संक्षेप

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में संत कबीर कुटीर पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

राज्यपाल प्रो. घोष आज फरीदाबाद के सरकारी स्कूलों का करेंगे दौरा

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष कल बुधवार को जिला फरीदाबाद के सरकारी विद्यालयों का दौरा करेंगे। इस दौरान राज्यपाल विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ संवाद कर विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था एवं विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। साथ ही, वे विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उनकी स्थिति का भी आकलन करेंगे।

महंगाई ने बिगाड़ा आम लोगों के घर का बजट

चंडीगढ़। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों और महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण न होने के कारण गरीब एवं मध्यम वर्ग का घरेलू बजट बिगड़ गया है। सरकार महंगाई नियंत्रित होने के दावे कर रही है, जबकि रसोई से लेकर मकान चलाने तक की लगभग हर आवश्यक वस्तु और सेवा महंगी होती जा रही है। सैलजा ने कहा कि अगस्त में देश की खुदरा महंगाई दर बढ़कर 4.82 प्रतिशत पर पहुंच गई। हरियाणा में महंगाई दर 3.92 प्रतिशत दर्ज की गई।

किशाऊ बांध पर दिल्ली में 6 राज्यों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर, नायब सिंह सैनी बोले

हरियाणा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि यमुना में पानी बढ़ने से मिलेगा सीधा लाभ

- गृह मंत्री शाह और जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की मौजूदगी में हस्ताक्षर
- केंद्र उठाएगा परियोजना की 90 फीसदी लागत
- 1,562 मिलियन क्यूबिक मीटर जल भंडारण
- 97 हजार हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की मौजूदगी में किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना समझौता एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद छह प्रदेशों के मुख्यमंत्री ग्रुप फोटो खिचाते हुए। फोटो : हरिभूमि

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की मौजूदगी में मंगलवार को किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना को लेकर छह राज्यों के बीच महत्वपूर्ण समझौता हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि परियोजना से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली को लाभ मिलेगा। वहीं, इस समझौते पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा हरियाणा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि यमुना में पानी बढ़ने से सीधा लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा। केंद्र सरकार ने किशाऊ परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया है और इसके करीब 90 प्रतिशत वित्तीय भार का वहन केंद्र करेगा।

उत्तराखंड-हिमाचल सीमा पर टोंस नदी पर 232.6 मीटर ऊंचा बांध बनाया जाएगा। इसमें 1,562 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी का भंडारण होगा। परियोजना से करीब 97 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई और 1,476 मिलियन यूनिट स्वच्छ जलविद्युत उत्पादन का लक्ष्य है। शाह ने कहा कि परियोजना से यमुना में पर्यावरणीय प्रवाह बढ़ेगा, जिससे दिल्ली को पेयजल उपलब्धता के साथ यमुना की सफाई और संरक्षण में भी मदद मिलेगी। समझौते पर सभी मुख्यमंत्रियों खुशी जताई है।

किशाऊ, रेणुका जी और लखवार परियोजनाओं से प्रदेश को मिलेगा 1143 एमसीएम पानी का शेयर

- किशाऊ परियोजना से हरियाणा को मिलेगा पानी का सीधा लाभ : सैनी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना को लेकर छह राज्यों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर होना हरियाणा सहित सभी संबंधित राज्यों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। वर्षों से लंबित इस परियोजना पर सहमति बनने से इसके क्रियान्वयन का रास्ता साफ हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि परियोजना पर जल्द काम शुरू होगा और इसका लाभ हरियाणा को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल और अमित शाह के प्रयासों से लंबे समय से लंबित मुद्दे पर राज्यों के बीच सहमति बनी है। उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल का भी आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने राज्यों और संबंधित विभागों के बीच लगातार समन्वय कर परियोजना को गति दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना में हरियाणा के पानी का हिस्सा 48 प्रतिशत है।

राज्यों के बीच सहयोग और मजबूत हुआ

ऐसे में यमुना में पानी की उपलब्धता बढ़ने से प्रदेश को सीधा लाभ मिलेगा। किशाऊ के साथ रेणुका जी और लखवार परियोजनाएं भी हरियाणा के लिए महत्वपूर्ण हैं।उन्होंने बताया कि इन तीनों परियोजनाओं से हरियाणा के हिस्से में करीब 1143 एमसीएम पानी आएगा। वहीं, तीनों परियोजनाओं से कुल 2676 क्यूसेक पानी की उपलब्धता बढ़ेगी, जिसमें से 1280 क्यूसेक पानी हरियाणा के हिस्से में होगा। सैनी ने कहा कि बढ़ती आबादी पानी और बिजली के बंटवारे समेत परियोजना से जुड़े अहम विषयों पर सहमति बनने से राज्यों के बीच सहयोग और मजबूत हुआ है।

सीएमजीजीए की समीक्षा बैठक

सीएम घोषणाओं और समाधान शिविरों की करें बारीकी से मॉनिटरिंग: सैनी

- सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की नियमित मूल्यांकन रिपोर्ट सीएम कार्यालय को दें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी (सीएमजीजीए) की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सीएमजीजीए के कार्यों की समीक्षा करते हुए सरकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और उनकी नियमित मूल्यांकन रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के उपप्रधान सचिव डॉ. यशपाल भी मौजूद रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएमजीजीए का उद्देश्य शासन व्यवस्था को मजबूत करना, प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाना और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी सहयोगियों को अपने-अपने जिलों में सीएम अनाउंसमेंट की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

इसमें लंबित परियोजनाओं और उनके रुकने के कारणों की जानकारी शामिल हो।सैनी ने निरोगी हरियाणा योजना की जमीनी स्थिति की भी नियमित निगरानी करने को कहा। साथ ही जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों का औचक निरीक्षण कर वास्तविक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने सीएमजीजीए को जिला विकास संबंधी मासिक बैठकों में भाग लेने, ई-रजिस्ट्री पोर्टल की खामियों को दूर कराने और औद्योगिक क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे की समस्याओं पर नजर रखने को कहा। किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

उचाना चुनाव याचिका में अधिकारियों के बयान दर्ज

अगली सुनवाई अब 25 सितंबर को

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में हिसार के पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की उचाना विधानसभा चुनाव परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर राम प्रसाद और असिस्टेंट बैलेट पेपर अधिकारी अशोक कुमार के बयान दर्ज किए गए। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से काउंटिंग सेंटर की सीसीटीवी फुटेज मंगवाने की मांग की गई, ताकि मतगणना प्रक्रिया की जांच की जा सके। साथ ही तत्कालीन रिटर्निंग ऑफिसर विवेक आर्य को दोबारा बुलाकर बृजेंद्र सिंह के चुनाव एजेंट की मौजूदगी में बयान दर्ज कराने का आग्रह किया गया। हाई कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर तय की है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2024 में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में बृजेंद्र सिंह उचाना सीट से महज 32 वोटों से हार गए थे। कुल 1,377 डाक मतों में से 215 को अमान्य घोषित किया गया था। जुलाई में हाई कोर्ट ने याचिका में संशोधन की अनुमति देते हुए इसे अब 215 अस्वीकृत डाक मतों की दोबारा जांच की मांग तक सीमित कर दिया था।

तंबाकू कानून के पालन पर पंजाब हरियाणा को 6 सप्ताह की मोहलत

- सरकार का आश्वासन, शिकायत पर विचार कर पारित करेंगे उचित आदेश

चंडीगढ़। तंबाकू उत्पादों की बिक्री, प्रचार और उपयोग पर नियंत्रण से जुड़े कानून के प्रभावी पालन को लेकर पंजाब और हरियाणा सरकार को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने छह सप्ताह का समय दिया है। जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दोनों राज्यों की ओर से अदालत को आश्वासन दिया गया कि याचिकाकर्ता की शिकायत पर गंभीरता से विचार कर उचित आदेश पारित किए जाएंगे। इसके बाद कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया। चीफ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता दीप्ति सिंह ने आरोप लगाया था कि सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 के प्रावधानों का पंजाब और हरियाणा में प्रभावी ढंग से पालन नहीं हो रहा है। याचिकाकर्ता ने पहले भी हाई कोर्ट का रुख किया था। 22 अप्रैल 2025 को अदालत ने उन्हें दोनों राज्यों के सक्षम अधिकारियों के समक्ष अभ्यावेदन देने की अनुमति दी थी।

आईएएस पंकज अग्रवाल ने मांगी नियमित जमानत

- हाई कोर्ट ने सीबीआई से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

चंडीगढ़। आईडीएफसी बैंक में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के बैंक खाते खोलने की मंजूरी से जुड़े मामले में जेल में बंद आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से नियमित जमानत मांगी है। सीबीआई ने इस मामले में 8 अप्रैल 2026 को एफआईआर दर्ज की थी।जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस जेएस बेदी ने सीबीआई को मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने रिपोर्ट 14 अक्टूबर 2026 को होने वाली अगली सुनवाई से पहले पेश करने को कहा है। पंकज अग्रवाल की ओर से दलील दी गई कि मूल एफआईआर में उनका नाम शामिल नहीं था। जांच के दौरान उनके कब्जे से नकदी, संपत्ति, जाली दस्तावेज, चेक, उपकरण या कोई अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद नहीं हुई। मामले की जांच पूरी हो चुकी है और सीबीआई की ओर से चालान अथवा अंतिम रिपोर्ट अदालत में दाखिल की जा चुकी है।

एनसीआर में 775 एएनपीआर कैमरे लगाएगा हरियाणा, 41.74 करोड़ होंगे खर्च

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

गुरुग्राम में 249, सोनीपत में 215, झज्जर में 195 और फरीदाबाद में लगेंगे 116 कैमरे

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में जीवन-अवधि पूरी कर चुके वाहनों की पहचान और प्रदूषण नियंत्रण के लिए 775 ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस योजना को मंजूरी दे दी है। पहले चरण में इन कैमरों की स्थापना पर करीब 41 करोड़ 74 लाख रुपये खर्च होंगे। विज ने बताया कि गुरुग्राम में 249, सोनीपत में 215, झज्जर में 195 और फरीदाबाद में 116 कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरे मुख्य रूप से इन जिलों के एनसीआर क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों पर लगाए जाएंगे। इनके जरिए पुराने और जीवन-अवधि पूरी कर चुके वाहनों की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्देशों के अनुरूप की जा रही है। कैमरे लगाने का काम 30 सितंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद 1 अक्टूबर से हरियाणा में पंजीकृत जीवन-अवधि पूरी कर चुके वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। विज ने कहा कि प्रदेश में करीब 2,780 एएनपीआर कैमरों की आवश्यकता है। पहले चरण में एनसीआर के चार जिलों को शामिल किया गया है।

2814 सरकारी स्कूलों में असुरक्षित भवन ढहाकर बनेंगे नए कमरे

चंडीगढ़। हरियाणा के 2814 सरकारी स्कूलों में असुरक्षित भवनों को ढहाकर नए कमरे बनाए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने सभी चिन्हित भवनों का सत्यापन, कंडम घोषित करने और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया 30 सितंबर तक पूरी करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को लापरवाही और बजट खर्च न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।मानसून में जलभराव से प्रभावित 700 स्कूलों में मिट्टी भराव और चहारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा। इनमें 647 स्कूलों में मौसमी और 53 में स्थायी जलभराव की समस्या है। वहीं, 150 राजकीय विद्यालयों के नए भवन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किए जाएंगे। प्रदेश के 719 उत्कृष्ट विद्यालयों में नए भवन, अतिरिक्त कक्षाएं, स्मार्ट क्लास, विज्ञान व कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, डिजिटल लैब, पुस्तकालय, खेल मैदान और अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

समीक्षा बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा और रणनीति पर होंगे फैसले

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस सम्मेलनों से पार्टी को बूथ और जमीनी स्तर तक मजबूत करने में मदद मिलेगी। इन सम्मेलनों में कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर स्थानीय मुद्दों और आगामी राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की जा रही है। संजय दत्त ने बताया कि 18 से 21 सितंबर तक असंध, गुरुग्राम-II, रेवाड़ी, महम, आदमपुर, नरवाना, टोहाना और रतिया में सम्मेलन होंगे। इनमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, कृषि समस्याओं, महिला आरक्षण और एसआईआर सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई जाएगी।उन्होंने कहा कि सम्मेलनों को कार्यकर्ताओं की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और संगठन को मजबूत करने को लेकर उत्साह है।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रोहतक

नीलामी नोटिस

जिला स्तरीय कमेटी द्वारा जिला रोहतक के निम्नलिखित नाकारा स्कूल भवनों की नीलामी की जानी है। स्कूल के सामने निर्धारित न्यूनतम राशि अंकित है। नाकारा भवनों कि नीलामी सम्बन्धित स्कूल प्रागण में उसके सामने अंकित तिथि एवं समय अनुसार होगी। बोलीदाता को बोली से पूर्व धरोहर राशि के रूप में रूपये 25000/- (रुपये पच्चीस हजार केवल) का बैंक ड्राफ्ट "DEO ROHTAK" के नाम जमा करवाना होगा, बिना बैंक ड्राफ्ट जमा किये बोलीदाता नीलामी में बोली का हकदार नहीं होगा।

No.	School Name	Amount (Lacs)	Date	Time Siot
1.	GSSS MADINA	0.71	19.09.2026	10:00:00
2.	GHS POLANGI	03.69	19.09.2026	12:00:00
3.	GGSSS KANSALA	02.60	19.09.2026	14:00:00
4	GSSS KHRAKJATAN	0.34	21.09.2026	10:00:00
5.	GSSS CHIRI	0.57	21.09.2026	12:00:00
6	GGSSS SAIMAN	02.39	24.09.2026	10:00:00
7	GSSS SAIMAN	0.54	24.09.2026	12:00:00
8	GSSS GUDHAN	04.84	25.09.2026	10:00:00
9	GSSS KHERARI	0.35	25.09.2026	12:00:00
10	GSSS NIGANA	01.29	25.09.2026	14:00:00
11	GHS BALLAB	06.51	26.09.2026	10:00:00
12	GHS MASUDPUR	02.27	26.09.2026	12:00:00
13	GHS PATWAPUR	0.75	26.09.2026	14:00:00
14	GSSS DATTAUR	01.09	28.09.2026	10:00:00
15	GSSS ATAIL	06.76	28.09.2026	12:00:00
16	GSSS BANIYANI	01.06	29.09.2026	10:00:00
17	GSSS DOBH	13.21	29.09.2026	12:00:00
18	GGHS RITAULI KABULPUR	02.66	30.09.2026	10:00:00
19	GGSSS GANDHI NAGAR	0.54	30.09.2026	12:00:00

CONDITIONS :-

a. Every Bidder Will have to deposit a sum of Rs. 25000/- in shape of Bank Demand Draft Drawn in favour of **District Education Officer Rohtak & Payable at Rohtak,** the undersigned to qualify for bidding which will be refunded at the end of auction except for successful bidder.

b. The successful bidder will have to deposit 25% of the amount of bid at the fall of hammer and remaining 75% will be deposited after the approval is given to him in case of failure all deposited money will be forfeited.

c. An additional amount of 10% of total bid money will have to be deposited by the successful bidder as security in Demand Draft in favour of the **"DEO Rohtak"** which will be refunded after completion of work.

d. **The Building is to be demolished and site should be cleared within one month of issue of approval,** failing which the remaining salvage will be taken in the Government Possession and no claim what so ever will be entertained.

e. Any information in this regard can be had from the office of the District Education Officer Rohtak.

f. The Jurisdiction of court for any dispute between the parties be at Rohtak.

g. In case due to unavoidable circumstances the possession of the building to be dismantled is not given in time then no extra compensation will be paid to the contractor only extension in time will be granted.

h. It is mandatory for every bidder to submit a copy of Aadhaar Card along with an (valid) email ID to the School Head/Principal prior to placement of the bid.

हस्ता/- जिला शिक्षा अधिकारी, रोहतक

पीआरडीएच-1032/11/375/2027/49265/88/6 दि. 15.09.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	जिला रोहतक, हरियाणा के तहत सभी शहरी स्थानीय निकायों के लिए स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत नगरीय कर्मचारियों, सैनीटेशन वर्कर्स और अन्य स्टेकहोल्डर्स की कैपेसिटी बिल्डिंग और प्रशिक्षण हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह (आरएफपी) (पुनः आमंत्रण)।	14.09.2026 24.09.2026	-	https://etenders.hry.nic.in	9467717422 engg-rohtak@ulbharyana.gov.in
2	नगर निगम रोहतक	एम.सी. रोहतक के अधिकार-क्षेत्र के लिए 04 सीटर, 06 सीटर, 10 सीटर के चलायमान शौचालय की खरीद हेतु आकलन।	14.09.2026 21.09.2026	31.86 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 engg-rohtak@ulbharyana.gov.in
3	नगर निगम रोहतक	नगर निगम रोहतक में पहरावर गांव, वार्ड नं. 21 में दादी सती धाम में हाई मास्ट पोल और लाइट्स की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन।	14.09.2026 21.09.2026	3.18 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 xenmcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद-13/2027/80/49277/I/88/6 दि. 15.09.26

Model Economic Township Limited

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, 77–बी, इफको रोड़, सैक्टर – 18, गुरूग्राम – 122015, हरियाणा, फोनः 0124–352 7369
CIN: U70109HR2006PLC036416

सार्वजनिक सूचना

HRERA रियल एस्टेट प्रोजैक्ट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नं. HRERA-PKL-JJR-539-2024 Dated 15.01.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमें, मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड, को हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा हमारी "Pocket E, Sector 8, MET City" नामक आवासीय प्लॉटिड परियोजना (जिसका कुल क्षेत्रफल 14.194 एकड + 4.450 एकड = 18.644 एकड है) जोकि औद्योगिक प्लॉटिड कॉलोनी का हिस्सा है एवम् गाँव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में स्थित है, के लिए सप्लिमैंट्री रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट No. HRERA-7796 Dated 11.09.2026 प्रदान किया गया है, परियोजना के बैंक खातों का विवरण इस प्रकार है:

बैंक अकाउंट का नाम	अकाउंट नम्बर
Model Economic Township Ltd - 100% Master Account (Collection Account)	777705000183
Model Economic Township Ltd - 70% Escrow Account (Project Account)	777705001243
Model Economic Township Ltd - 30% Free Account	777705005436
बैंक अकाउंट की किस्म	Current Account
बैंक का नाम	ICICI Bank Limited
बैंक ब्रांच का पता	Reliance Met Ltd, Sector 5, Village Dadri Toye, On SH 15A, Jhajjar, Haryana 124515
आई.एफ.एस.सी. कोड नम्बर	ICIC0004594

यह सूचना हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में जारी की गई है।

दिनांक : 15.09.2026

कृते मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड
प्राधिकृत हस्ताक्षरी

www.modeleconomictownship.com

Model Economic Township Limited

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, 77–बी, इफको रोड़, सैक्टर – 18, गुरूग्राम – 122015, हरियाणा, फोनः 0124–352 7369
CIN: U70109HR2006PLC036416

सार्वजनिक सूचना

HRERA रियल एस्टेट प्रोजैक्ट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नं. HRERA-PKL-JJR-365-2022 Dated 19.10.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमें, मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड, को हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा हमारी "Pocket C&D, Sector 8, MET City" नामक आवासीय प्लॉटिड परियोजना (जिसका कुल क्षेत्रफल 34.931 एकड + 0.738 एकड = 35.669 एकड है) जोकि औद्योगिक प्लॉटिड कॉलोनी का हिस्सा है एवम् गाँव याकूबपुर एवं फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में स्थित है, के लिए सप्लिमैंट्री रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट No. HRERA-7797 Dated 11.09.2026 प्रदान किया गया है, परियोजना के बैंक खातों का विवरण इस प्रकार है:

बैंक अकाउंट का नाम	अकाउंट नम्बर
Model Economic Township Ltd - 100% Master Account (Collection Account)	459405000003
Model Economic Township Ltd - 70% Escrow Account (Project Account)	459405000041
Model Economic Township Ltd - 30% Free Account	777705005435
बैंक अकाउंट की किस्म	Current Account
बैंक का नाम	ICICI Bank Limited
बैंक ब्रांच का पता	Reliance Met Ltd, Sector 5, Village Dadri Toye, On SH 15A, Jhajjar, Haryana 124515
आई.एफ.एस.सी. कोड नम्बर	ICIC0004594

यह सूचना हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में जारी की गई है।

दिनांक : 15.09.2026

कृते मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड
प्राधिकृत हस्ताक्षरी

www.modeleconomictownship.com

खबर संक्षेप

नहर में मिला 80 वर्षीय सेवानिवृत्त डॉक्टर का शव

करनाल। हैबतपुर पुल के पास नहर में मंगलवार को 80 वर्षीय सेवानिवृत्त डॉक्टर दौलतराम का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वह कुरुक्षेत्र के शाहाबाद स्थित निर्मल कुटिया में परिवार के साथ रह रहे थे और सोमवार सुबह से लापता थे। परिजनों ने तलाश शुरू की तो नहर किनारे उनकी चप्पल, स्कूटी, चश्मा और मोबाइल फोन मिला। इसके बाद गोताखोरों की मदद से नहर में तलाश शुरू की गई। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि मंगलवार को हैबतपुर पुल के पास शव बरामद कर लिया गया। प्रगट सिंह के अनुसार दौलतराम पंजाब के मुनक में सरकारी विभाग में 45 वर्ष तक सेवाएं दे चुके थे।

खुली सीवर लाइन में गिरने से बच्ची की मौत

पलवल। गांधी कॉलोनी में सोमवार देर रात खुले सीवर में गिरने से चार साल की बच्ची की मौत हो गई। वह एलकेजी कक्षा में पढ़ती थी। जिस सीवर में बच्ची गिरी, उस पर ढक्कन नहीं लगा था। बच्ची की पहचान 4 वर्षीय दीपांशी के रूप में हुई है। बच्ची के पिता भारत ने बताया कि सोमवार रात करीब 8 बजे दीपांशी अचानक घर के आसपास से लापता हो गई। सीवर की जांच की गई तो बच्ची उसके अंदर मिली।

मोरनी में खाई में गिरी कार, एक मौत, 5 घायल

पंचकूला। पर्यटन स्थल मोरनी के मांदना गांव के पास दोस्तों से भरी एक अर्टिगा कार गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में चंडीगढ़ के बहलाना निवासी विशाल (19) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके चार साथी घायल हो गए। घायलों में सुबजीत, राहुल शर्मा, शैंकी पुत्र परशुराम, कुवार सिंह पुत्र बलकार सिंह शामिल हैं।

सिरसा में रिश्तों का कत्ल : मंगलवार सुबह घर में घुसकर बरसाईं गोलियां

जमीन बेचने का विरोध करने पर पिता ने दामाद के साथ मिलकर बेटे की हत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कालांवाली क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार सुबह बाप ने अपने ही बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सिरसा के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक की पहचान गांव खोखर निवासी जसंवत सिंह के रूप में हुई है। वहीं मृतक की पत्नी ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव लेने से मना कर दिया है।

बताया जा रहा है कि पिता जलविंद्र सिंह और बेटे जसवंत सिंह के बीच जमीनी बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। जलविंद्र सिंह के पास दस एकड़ जमीन है, जिसमें से वह तीन एकड़ जमीन बेचना चाहता था। जलविंद्र सिंह के दो बेटे तेजेंद्र व जसवंत सिंह हैं। जसवंत सिंह जमीन बेचने का विरोध कर रहा था। इसे लेकर घर में अक्सर झगड़े होते थे। जलविंद्र सिंह पिछले कुछ समय से पंजाब में अपनी बेटी की ससुराल में रह रहा था। मृतक की पत्नी जश्नप्रीत ने बताया कि उसका पति जसवंत सिंह सोमवार रात घर पर

बेटी के घर पर ही रह रहा था आरोपी पिता, सट्टेबाजी के चक्कर में पहले भी जमीन रखी थी गिरवी

था। मंगलवार सुबह वह आंगन में सोए हुए थे और पति कमरे में था। सुबह उसका ससुर व जीजा गुरजंट सिंह कुछ लोगों के साथ उनके घर पहुंचे, जिनके पास हथियार थे और उन्होंने चेहरे ढके हुए थे। जश्नप्रीत का आरोप है कि आरोपियों ने उसे तलवार दिखाकर चुप रहने की धमकी दी। इसके बाद गुरजंट सिंह और उसके साथी कमरे में गए और जसवंत पर गोलियां चला दीं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जश्नप्रीत का आरोप है कि उसका ससुर सट्टेबाजी का काम करता है। पहले भी उसने जमीन गिरवी रखी थी। जसवंत ने उसे छुड़ाया। अब फिर उसका ससुर जमीन बेचना चाहता था, जिसका जसवंत सिंह विरोध कर रहा था। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जींस फैक्ट्री में टोका टाकी करने पर सीनियर टेलर मास्टर की सहकर्मियों ने की हत्या, दो पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव सेवली में जींस फैक्ट्री में टेलर मास्टर का काम करने वाले 32 वर्षीय अनुज गुप्ता की संदिग्ध

परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव सोमवार रात किराए के कमरे में पड़ा मिला। मृतक की पत्नी सोनी ने फैक्ट्री में उसके साथ काम करने वाले रूपलाल और विपिन पर रंजिश के चलते जबरन शराब पिलाकर मारपीट करने और हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के गांव उत्तर टोला गहमर निवासी सोनी ने राई थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वर्तमान में दिल्ली के बवाना डीएसआईडीसी सेक्टर-5 में अपनी बहन मोनी के साथ परिवार सहित रहती हैं। दोनों बहनें चाय की रेहड़ी लगाती हैं। उसके पति अनुज करीब 15-20 दिन पहले ही गांव सेवली स्थित जींस फैक्ट्री में काम करने आए थे। पत्नी के अनुसार अनुज के अधीन उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के गांव थोरी निवासी रूपलाल और कानपुर देहात के गांव लक्ष्मणपुर निवासी विपिन भी काम करते थे। अनुज ने घर पर बताया था कि दोनों सहकर्मी काम को लेकर टोकने पर उससे विवाद करते हैं। सोनी ने आरोप लगाया कि सोमवार को रूपलाल और विपिन इसी रंजिश के चलते अनुज को किराए के कमरे में ले गए और वहां जबरन शराब पिलाने के बाद उसके साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। सोनी ने बताया कि उनके चार बच्चे हैं।

जन्मदिन पर दोस्तों से झगड़ा, 11वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या

महम। महम में मंगलवार दोपहर को शहर के टाउन पार्क के गेट पर एक नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवक पर चाकू से इतने ताबड़तोड़ वार किए गए कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान निंदाना गांव निवासी 17 वर्षीय अरमान पुत्र पवन के रूप में हुई है। अरमान गांव में ही फतेह सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ता था। मंगलवार 15 सितंबर को उसका जन्मदिन था। जन्मदिन की पार्टी करने के लिए वह अपने दोस्तों के संग सुबह साढ़े 9 बजे घर से निकला था। पार्टी करने के लिए वह दोस्तों के साथ चौबीसी चबूतरे के पास स्थित टाउन पार्क में पहुंचा। यहां पर दोस्तों के बीच पता नहीं क्या बातचीत हुई कि दोस्तों ने उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने एक युवक को काबू कर लिया है।

ट्रक से टकराई बाइक, 3 दोस्तों की मौत

गुरुग्राम। दिल्ली-जयपुर हाइवे पर खेड़की दौला टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार बाइक एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो नाबालिग समेत तीन दोस्तों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सेक्टर-37 स्थित अंजना कॉलोनी निवासी 14 वर्षीय मोहम्मद अरमान, 14 वर्षीय प्रिंस कुमार और 19 वर्षीय नवनीत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि बाइक चला रहे नवनीत के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। हादसे के समय किसी ने हेलमेट भी नहीं पहना हुआ था। तीनों रात को खेड़कीदौला गए थे। बता रहे हैं कि टोल प्लाजा के पास यू टर्न ले रहे एक ट्रक से उनकी बाइक पीछे से टकरा गई।

6 हजार प्रतिबंधित गोलियां बरामद, तस्कर व सप्लायर काबू

यमुनानगर। जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने जगाधरी छछरौली रोड पर चुना भट्टी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित दवाई अल्प्राजोलम की छह हजार गोलियों का जखीरा बरामद किया है। आरोपी की पहचान आजाद नगर कॉलोनी निवासी आशु गुप्ता के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह गोलियां रामपुर खादर निवासी शैलेंद्र से लेकर आया है। जिसके बाद पुलिस ने मुख्य सप्लायर शैलेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों को रिमांड पर लिया है।

गुरुग्राम हिट एंड रन केस

बाइकर युवती व आप नेता को टक्कर मारने वाला कार चालक राजस्थान से काबू

- पुलिस ने आरोपी जिम संचालक पर हत्या के प्रयास की धारा भी जोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गोल्फ कोर्स रोड पर लेडी बाइकर को कार से टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी जिम संचालक कल्याण बैंसला को गिरफ्तार कर लिया है। उसे एक दोस्त लवनीश के साथ राजस्थान के दौसा से पकड़ा गया। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा भी जोड़ी है। पहले सेक्टर-56 थाने में लापरवाही से गाड़ी चलाने के लिए और चोट पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने कार चलाने वाले कल्याण बैंसला के दो दोस्त निंदर और प्रमोद को भी हिरासत में लिया है। निंदर हादसे वाले दिन 13 सितंबर को कल्याण को पलवल से लेकर आया था, जबकि प्रमोद पर उसे गांव से भगाने का आरोप है। कार की टक्कर से सड़क पर गिरी लेडी बाइकर शिवानी चौहान उर्फ सिया दिल्ली की रहने वाली हैं। शिवानी ने फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किया है। वह साल 2022 में आप के टिकट पर दिल्ली के कालकाजी से नगर निगम का चुनाव भी लड़ चुकी हैं। शिवानी के पिता रोशन चौहान भी आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए हैं।

कबड्डी खेल चुका, जिम कर दिया था बंद

पलवल के टिकरी गुर्जर गांव का रहने वाला 32 वर्षीय कल्याण बैंसला किसान परिवार से ताल्लुक रखता है। कल्याण शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। कल्याण को बचपन से कबड्डी खेलने का शौक था। कल्याण ने 2020 में पलवल में जिम शुरू किया था। हालांकि, करीब दो महीने से जिम बंद है। किराया बकाया होने पर बिल्डिंग मालिक ने जिम पर ताला लगा दिया था। जिम को 17 सितंबर से दोबारा शुरू करने की तैयारी थी।

खेत में पानी की बारी के विवाद में हत्या पर दो दोषियों को उम्रकैद

फतेहाबाद। खेत में पानी की बारी को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में फतेहाबाद की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने मंगलवार को करीब आठ साल बाद बड़ा फैसला सुनाया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित गर्ग की अदालत ने आरोपी गुरमुख सिंह उर्फ मिट्ठू और तरसेम को हत्या का दोषी करार देते हुए दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर प्रत्येक को एक वर्ष का कठोर कारावास अतिरिक्त भुगतना होगा। मामला 10 जुलाई 2018 का है। जाखल थाना क्षेत्र में खेत में पानी लगाने की बारी को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने एक व्यक्ति की कस्सी और गंडासे मारकर हत्या कर दी।

पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में तेज वृद्धि से निर्यात बढ़ा

निर्यात अगस्त में 26 फीसदी बढ़कर 44 अरब डॉलर, व्यापार घाटा पांच माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का वस्तु निर्यात अगस्त में सालाना आधार पर 26.12 प्रतिशत बढ़कर 43.81 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में तेज वृद्धि के कारण कुल निर्यात बढ़ा है। वहीं सोने के आयात में कमी से व्यापार घाटा भी कम होकर पांच महीने के निचले स्तर 26.86 अरब डॉलर पर आ गया। आयात अगस्त में 14.1 प्रतिशत बढ़कर 70.76 अरब डॉलर रहा।

■ सोने के आयात में कमी से व्यापार घाटा कम हुआ

पिछले महीने वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 90 से 94 डॉलर प्रति बैरल के बीच रही। निर्यात में अगस्त महीने में वृद्धि जून, 2022 के बाद सबसे अधिक रही। जून, 2022 में निर्यात 30.12 प्रतिशत बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान निर्यात 17.85 प्रतिशत बढ़कर 215.91 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 18.21 प्रतिशत बढ़कर 363 अरब डॉलर रहा।

खास बातें

- ब्रेंट क्रूड की कीमत 90 से 94 डॉलर प्रति बैरल रही
- निर्यात में अगस्त महीने में वृद्धि जून, 2022 के बाद सबसे अधिक रही

पेट्रोलियम, कोयला ऊर्जा के कारण व्यापार घाटा बढ़ा: अग्रवाल ने कहा कि मुख्य रूप से पेट्रोलियम, कच्चा तेल, कोयला, कोक और ब्रिकेट जैसे ऊर्जा उत्पाद तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान के कारण व्यापार घाटा बढ़ा है। उन्होंने निर्यात के मोर्चे पर कहा कि इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, रसायन और कपड़े सहित कई वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि से कुल निर्यात बढ़ा है।

व्यापार घाटा बढ़कर 147.09 अरब डॉलर

चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 147.09 अरब डॉलर हो गया, इससे पिछले वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान यह 123.88 अरब डॉलर था। बीते साल अगस्त में व्यापार घाटा 27.22 अरब डॉलर और जुलाई में 31.98 अरब डॉलर था। इससे पहले मार्च में यह 20.67 अरब डॉलर के निचले स्तर पर रहा था। देश का सोने का आयात अगस्त में 57.7 प्रतिशत घटकर 2.3 अरब डॉलर रहा, जो अगस्त, 2025 में 5.4 अरब डॉलर था।

निर्यात वृद्धि की गति बनी हुई

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि निर्यात वृद्धि की अच्छी गति बनी हुई है और इसमें और तेजी आ रही है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों में आयात में वृद्धि मजबूत घरेलू आर्थिक विस्तार, ऊर्जा की बढ़ती जरूरतों और विनिर्माण क्षेत्र की तेज वृद्धि को बनाए रखने के लिए जरूरी महत्वपूर्ण कच्चे माल तथा अन्य वस्तुओं की मांग के कारण हुई है। इससे व्यापार घाटा भी बढ़ा है।

ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात 13.3 फीसदी बढ़ा

अग्रवाल ने कहा, ''यूरोपीय संघ, ब्रिक्स देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं से मांग में वृद्धि हुई है। यह भारत की वैश्विक पहुंच के विस्तार को दर्शाता है और हमारी मजबूती, विविधता तथा रणनीतिक व्यापार एकीकरण के लक्ष्यों को भी मजबूत करता है।'' वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों में ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात 13.3 प्रतिशत बढ़कर 34.5 अरब डॉलर रहा।

निर्यात में वृद्धि मात्रा के लिहाज से अच्छी रही

अग्रवाल ने कहा कि निर्यात में वृद्धि केवल मूल्य के लिहाज से ही नहीं, बल्कि मात्रा के लिहाज से भी अच्छी रही है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान कच्चे तेल का आयात बढ़कर 95.57 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 78.07 अरब डॉलर था।

इलेक्ट्रॉनिक सामान के आयात में वृद्धि

इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक सामान का आयात आलोच्य अवधि में बढ़कर 66.48 अरब डॉलर हो गया जो बीते वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान 46.31 अरब डॉलर था। पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान बढ़कर 35.31 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 25.32 अरब डॉलर था।

सोना 1,000 रुपये टूटकर पांच सप्ताह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को कमजोर वैश्विक रुख और मजबूत डॉलर के बीच सोने की कीमतें 1,000 रुपये टूटकर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रह गईं, जो एक महीने से ज्यादा का निचला स्तर है। यह कीमती धातु इससे पहले सात अगस्त को इसी स्तर के आसपास कारोबार कर रही थी, जब स्थानीय बाजार में इसकी कीमत 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतें लगातार दूसरे दिन 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रहीं।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में गिरावट आई। हाजिर सोना 4,300 डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गया और एक महीने के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा है।''

बेरोजगारी दर अगस्त में मामूली घटकर 5% पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर अगस्त में मामूली घटकर पांच प्रतिशत रही। जुलाई में यह 5.1 प्रतिशत थी। मंगलवार को जारी आवधिक यानी नियमित अंतराल पर होने वाले श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक बयान के अनुसार, बीते साल अगस्त में भी बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मासिक आधार पर अगस्त में घटकर 4.1 प्रतिशत हो गई। जुलाई में यह 4.5 प्रतिशत थी। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह आलोच्य महीने में मामूली बढ़कर 6.8 प्रतिशत रही जबकि जुलाई में यह 6.7 प्रतिशत थी। अगस्त, 2025 की तुलना में अगस्त, 2026 में कुल और शहरी बेरोजगारी दर लगभग समान रही, जबकि ग्रामीण बेरोजगारी दर 0.2 प्रतिशत घटकर 4.1 प्रतिशत हो गई। अगस्त, 2025 में यह 4.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2026 के बाद ग्रामीण बेरोजगारी दर अगस्त में सबसे निचले स्तर पर रही।

नीलामी सूचना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तिगरा (3949) खण्ड अटेली (महेन्द्रगढ़) के जर्जर स्कूल भवन के 8 कमरों के सामान की खुली बोली द्वारा नीलामी गुरुवार दिनांक 24.09.2026 को प्रातः 10 बजे स्कूल प्रांगण में की जाएगी प्रत्येक बोली दाता को धरोहर के रूप में 30000/- रूपए नीलामी के दिन विद्यालय कमेटी के पास जमा करवाने होंगे। नीलामी से सम्बन्धित अन्य शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। स्कूल-कमेटी का फैसला अन्तिम होगा।
नोट- स्कूल के अन्य कंडम सामान की बोली भी इसी दिन लगेगी।

SMC
Govt. Sr. Sec. School
Tigra (3949) M/Garh"

नीलामी नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला रोहतक के विभिन्न विभागों के 27 सरकारी वाहनों व पुलिस विभाग द्वारा पकड़े गए 216 गैर दावाकृत वाहनों की नीलामी E-Auction India Portal के माध्यम से Online की जानी है। अतः इच्छुक पात्र बोलीदाता NIC E-Auction Portal i.e. https://eauction.gov.in में भाग ले सकते है। नीलामी की सभी नियम व शर्ते पोर्टल पर ही उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी के लिए जिला नजारत शाखा कमरा नं0 120 प्रथम तल उपायुक्त कार्यालय, रोहतक में सम्पर्क किया जा सकता है।

--हस्ता--
हस्ता. अतिरिक्त उपायुक्त-एवं-अध्यक्ष,
जिला कण्डमनेशन बोर्ड, रोहतक
पीआरडीएच-1029/11/797/2027/49262/88/6 दि. 15.09.26

पूर्व रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं.: सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी; दिनांक 14.09.2026; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन 732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_20_ओटी; कार्य का नाम: (क) ऋषिकुंड एवं सारोबाग स्टेशनों में प्रथम एफओबी के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी का आंकलन। (ख) बीजीपी स्टेशन में उसी एफओबी पर पीएफ सं. 1 एवं पीएफ सं. 2 एवं 3 पर 2 अदद लिफ्टों के साथ वर्तमान सीढ़ी के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी कार्य का आंकलन। (ग) एईएन/बीजीपी के अधीन टीकेएलई, डीडब्ल्यूएलई, बीएचएलई एवं बीआरपीएस स्टेशनों का उन्नयन तथा बीजीपी-डीयूएमके अनुभाग में अन्य यात्री सुविधाओं का प्रावधान। (घ) जीजेडएम, जेएमक्यू, केटीजे, सीएमएक्स में पीएफ सतह, पानी के बूथ, स्टेशन भवनों के सुधार के साथ जल आपूर्ति तथा निकासी सुविधाओं का सुधार। (ङ) नोआपाड़ा, एमपीएलई, एमपीएलआर, पीआरडीजी, बीएचडब्ल्यू, टीपीएच में पीएफ सतह, पानी के बूथ, स्टेशन भवनों के सुधार के साथ जल आपूर्ति तथा निकासी सुविधाओं का सुधार। (च) मालदा के ऑफिसर्स रेलवे कॉलोनी के लिए सीसीटीवी कैमरा का प्रावधान। निविदा मूल्य: रु. 1,22,15,446.28। बयाना राशि: रु. 2,44,300। ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय: दिनांक 21.09.2026 से 05.10.2026 को 11.00 बजे तक। वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्ट: वेबसाइट www.ireps.gov.in सूचना पट्ट: सीनियर डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। (MLD-193/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 30.09.2026 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** 153, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर/सिरसा के अधिकार क्षेत्र में ठंड के मौसम में पेट्रोलिंग के लिए पेट्रोलमैन की आउटसोर्सिंग, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 1627481.57, **धरोहर राशि:** Rs. 32600.00, **निविदा संख्या:** 154, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर/भिवानी के अधिकार क्षेत्र में ठंड के मौसम में पेट्रोलिंग के लिए पेट्रोलमैन की आउटसोर्सिंग, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 1011677.74, **धरोहर राशि:** Rs. 20200.00, **निविदा संख्या:** 155, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर/सिरसा के अधीन हिसार-बठिंडा सेक्शन पर आरयूबी नंबर 127A के लिए अप्रोच रोड का निर्माण, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 5591693.80, **धरोहर राशि:** Rs. 111800.00, **निविदा संख्या:** 156, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर/भिवानी के अधीन कोसली, कलानौर कलां और लाहली में 110 केएल क्षमता वाले ओवरहेड टैंक और उससे जुड़े पाइपलाइन के कार्य, महेंद्रगढ़, कलानौर कलां और लाहली में अंडरग्राउंड टैंक, कलानौर कलां और लाहली में बोरवेल और चरखी दादरी व कोसली में पार्क के विकास का कार्य, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 18789912.01, **धरोहर राशि:** Rs. 375800.00. **नोट:-** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 1321-PS/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

रुपया 38 पैसे लुढ़ककर 95.92 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे लुढ़ककर 95.92 (अस्थायी) पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 108 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि तेल आयातकों की ओर से डॉलर की बढ़ती मांग ने भारत के बाहरी संतुलन और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इसके अलावा घरेलू बाजारों में कमजोरी, अमेरिकी डॉलर में मजबूती और वैश्विक बॉण्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है

सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

नया रायपुर में जुटेंगे दुनिया के 200 से अधिक कैंसर विशेषज्ञ

रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) की ओर से चौथा बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव 18 से 20 सितंबर तक मेफेयर लेक रिजॉर्ट्स, नया रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ चूजिंग वाइजली इंडिया की सातवीं बैठक भी होगी। आयोजन ईकैंसर, टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई और नेशनल कैंसर ग्रिड के सहयोग से किया जा रहा है। इस वर्ष कॉन्क्लेव की थीम 'कैंसर उपचार में संतुलन की पुनर्स्थापना' रखी गई है। इसमें स्तन कैंसर, स्त्री रोग संबंधी कैंसर और मूत्र-जनन तंत्र के कैंसर समेत उपचार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी। मरीज की जरूरत के अनुसार उपचार तय करने, अनावश्यक उपचार से बचने और उपचार संबंधी निर्णयों में मरीज की भागीदारी बढ़ाने पर विशेषज्ञ विचार साझा करेंगे। कॉन्क्लेव में यूके, अमेरिका, यूएई, नेपाल, श्रीलंका, इजराइल, बेल्जियम, कनाडा और स्विट्जरलैंड से 11 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल होंगे। इनके अलावा देशभर से 200 से अधिक राष्ट्रीय और क्षेत्रीय कैंसर विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे।

तीन दिनों में 20 से अधिक परिचर्चाएं, बहु-विषयक सत्र, वाद-विवाद और वास्तविक मरीजों के मामलों पर आधारित चर्चाएं होंगी। स्तन कैंसर की लाइव सर्जरी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। विशेष प्रशिक्षण कार्यशालाओं में इंटरस्टिशियल ब्रैकीथेरेपी, क्लिनिकल ट्रायल, आनुवंशिक जांच, सटीक कैंसर उपचार, पैथोलॉजी, स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई तथा न्यूक्लियर मेडिसिन और थेरानोस्टिक्स जैसे विषय शामिल होंगे।

सेंसेक्स 778 अंक लुढ़का, निफ्टी पांच महीने के निचले स्तर पर

■ कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और खाड़ी युद्ध का असर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 778 अंक टूटकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया, जबकि निफ्टी 279 अंक गिरकर पांच महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 777.94 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 74,003.82 अंक पर बंद हुआ। मजबूती के साथ खुला सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 787.73 अंक फिसलकर 73,994.03 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। इसी तरह निफ्टी 279.50 अंक गिरकर 23,118.60 अंक पर बंद हुआ। यह छह अप्रैल, 2026 के बाद निफ्टी का सबसे निचला बंद स्तर है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और बढ़ते वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल से निवेशक धारणा प्रभावित होने के कारण घरेलू बाजार में गिरावट जारी रही।' उन्होंने कहा कि प्रमुख केंद्रीय बैंकों की इस सप्ताह होने वाली बैठकों से पहले निवेशक सतर्क रहे और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में नीतिगत सख्ती की बढ़ती आशंकाओं के बीच लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की चिंता बनी रही।

जियो यूजर्स को 12 महीने मुफ्त मिलेगा कैनवा प्रो, 4,000 तक की बचत

मुंबई। जियो यूजर्स अब बिना अतिरिक्त पैसे दिए कैनवा के प्रीमियम डिजाइन टूल्स इस्तेमाल कर सकेंगे। जियो और कैनवा ने साझेदारी की है, जिसके तहत पात्र ग्राहकों को 12 महीने तक कैनवा प्रो या कैनवा प्रो लाइट मुफ्त मिलेगा। कंपनी के मुताबिक इस ऑफर की कीमत 4,000 तक है और इसे 16 सितंबर से माई जियो ऐप के जरिए एक्टिव किया जा सकेगा। किस ग्राहक को कौन-सा कैनवा मिलेगा, यह उसके जियो रिचार्ज प्लान पर निर्भर करेगा। 399 के प्लान पर कैनवा प्रो मिलेगा, जबकि 349 और 349 से ऊपर के पात्र 2 जीबी प्रतिदिन डेटा वाले प्लान पर कैनवा प्रो लाइटअ दिया जाएगा। ऑफर के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क या छिपा हुआ चार्ज नहीं होगा। इसका सीधा फायदा छात्रों, कंटेंट क्रिएटर्स, प्रोफेशनल्स और छोटे कारोबारियों को मिल सकता है। कैनवा की मदद से मोबाइल पर ही स्कूल प्रोजेक्ट, सोशल मीडिया पोस्ट, प्रेजेंटेशन, मार्केटिंग मटीरियल और फेस्टिवल ग्रीटिंग जैसे डिजाइन बनाए जा सकते हैं। हिंदी समेत कई भारतीय भाषाओं में भी कंटेंट तैयार किया जा सकेगा।

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/अंबाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के नाम पर, इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं कार्य के सामने दर्शाई गई निविदा बंद होने की तिथि को 11:30 बजे तक स्वीकार की जाएंगी तथा इसके पश्चात खोली जाएंगी।

कार्य का नाम	फिरोजपुर मंडल में TVU > 20000 एवं < 50000 वाले 28 गैर-इंटरलॉक्ड LC गेटों के इंटरलॉकिंग हेतु S&T कार्य। LC गेटों की सूची :- ASR-KEMK Section: 1 LC Gate (C-13), ASR-PTK Section: 3 LC Gate (C-15, C-16, C-21), LDH-FZR Section: 14 LC Gates (A-21, B1-30, A-41, B1-45, B2-49, B2-51, A-66, C-67, C-70, C-72, C-73, C-78, C-81, C-84), JUC-FZR Section: 2 LC Gates (C-4, C 5), BTI-FZR Section: 4 LC Gates (C-45, C-51, C-56, C-57), KKP-FKA Section: 4 LC Gates (C-3, C-28, C-33, C-58).	
अनुमानित राशि (रु.)	धरोहर राशि (रु.)	कार्य समाप्ति समय
10,87,13,854.82/-	21,74,300.00/-	12 माह
निविदा खुलने की तिथि		टेन्डर वेलिडिटी
12.10.2026		90 दिन

नोट:- 1. इच्छुक ठेकेदारों को शर्तों के अनुसार योग्यता डॉक्यूमेंट, PAN/TIN/GST इत्यादि की स्कैनिंग कॉपी ही IREPS वेबसाइट में अपलोड करनी होगी।
2. धरोहर राशि की ऑन लाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा स्वीकार्य होंगे।
3. इच्छुक ठेकेदार कोई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-3) डिजिटल सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा।
4. विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें।
खुली निविदा संख्या- 01-एसएंडटी-परियोजना-अंबाला-2026-27 दिनांक: 15.09.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3180/2026

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	एचएसएएमबी रोहतक	किसान भवन, नारनौल, हरियाणा में डीजल जनरेटर सैट, ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर पीवी प्लांट, एयर कंडीशनर्स और गीजर्स का प्रावधान (सी.एम. घोषणा सं. 24638 दिनांक 10.01.2019) + 1 कार्य।	14.09.2026 22.09.2026	50,72,931/-	https://etenders.hry.nic.in	9812100311 [illegible]

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/49280/1/88/6 दि. 15.09.26

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Aditya Saini, Civil Judge (Junior Division), Rewari

BHIM SINGH
Vs.
ISHWAR SINGH
CNR No. HRRE02-000061-2019
Next Date:-25-09-2026

PUBLICATION ISSUED TO:
1-ISHWAR SINGH, 2-BIMLA DEVI W/O SHRI RAM, 3-JITENDER S/O MOHAR SINGH, 4-ANIL KUMAR, 5-SUNIL KUMAR, 6-ARUN KUMAR, 7-MAMTA KUMARI, 8-SMT. KRISHANA DEVI WD/O OM PARKASH, 9-SANTOSH KUMAR S/O SURAJ PARSAD, 10-SHRI KRISHAN S/O MATA DEEN, 12-MUKUT BIHARI S/O KKUNDAN LAL, 13-BHAGAT RAM S/O LALA RAM, 16. Ran Singh son of Chhotu Ram, 17. Raj bala wife of Sumer Singh, 18. Bhopal Singh son of Surajbhan, 19. Naresh Kumari daughter of Balwant Singh, 20. Bir Singh son of Mam Chand, 22. Smt. Bimla wife of Chhotu Ram, 23. Garditta son of Thakar Dass, 26 Smt. Resham Devi widow of Kanwar Singh S/o Harphool, 27. Bhagoti Devi wife of Lal Chand, 29. Renu Devi wife of Sant Ram, 31. Dilbag Ram son of Khan Chand, 33. Smt. Parmila Devi wife of Mahesh Kumar, 36. Smt. Mukesh Devi wife of Dalip Singh, 37. Smt. Prem Devi wife of Sube Singh, 38. Smt. Santosh Devi wife of Satpal Singh, 39. Shankar Lal son of Ram Chander, 40. Smt. Manju Bala daughter of Shamsher Singh, 41. Smt. Babita wife of Tej Ram, 42. Manish son, 43. Kumara Manju daughter, 44. Ramesh Devi widow of Kanwar Singh, 45. Smt. Bina Devi wife of Jaldeep Singh, 46. Bhola Ram son of Kalu Ram, 47. Bahadar, 48. Ramji Lal sons of Gopi Ram S/o Gulab, 49. Smt. Indirawati wife of Daya Ram, 50. Banwari Lal, 51. Kanwar Lal, 52. Birender, 53. Munesh, 54. Parveen sons of Parbhu Dayal S/o Gopiram, 55. Smt. Gindori daughter of Mohan S/o Dayakishan, 56. Rajender Singh son of Nathu S/o Tirkhu, 57. Devender Kumar son of Tej Singh, 58. Ram Kanwar, 59. Bhagwan Singh sons of Mohan S/o Dayakishan, 60. Parbhu son of Gopi S/o Gulab, 61. Ramesh son of Chander S/o Kaluram

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 25-09-2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rewari

Sd/- (Aditya Saini), Civil Judge (Junior Division), Rewari
Dated, this day of 08-09-2026

राशिफल

मेष: किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

वृष: अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

मिथुन: चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क: मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

सिंह: न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

कन्या: शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

तुला: बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक: शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

धनु: वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

मकर: शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

कुंभ: नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

मीन: परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

शब्द पहेली - 6349



बाएँ से दाएँ
1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
4. पानी से सराबोर-5
8. अंधकार-3
9. आक्रमण-3
10. दम, सुट्टा-2
12. समय, वक्त-2
13. कहानी लेखक-5
16. अपराधी, गुंडा-4
17. आलोकित होना-4
18. उद्देश्य, मंजिल-2
19. छाती, सिलना-2
20. जागरण-4
23. सफल, उत्तीर्ण-4
25. पत्नी का नाना-2,3
28. मार्ग, रास्ता-2
29. जरा, थोड़ा-2
31. वैमनस्य-3
33. पाजेब-3
35. जरुरतमंद-3,2
36. गदर, क्रांति-3

ऊपर से नीचे
1. उत्साह-3
2. वोट, राय-2
3. हथियार, गोला-बारूद-4
4. सनसनी, रोमांच-4
5. एक विदेशी शराब-2
6. आफत, मुसीबत-2
7. उपपत्नी-3
11. बलिदानी-3
12. कार्य करने वाला-3
13. सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14. पानी, जल-2
15. निर्माण करने वाला-5
21. प्रकार-3
22. उम्मीद, आशा-2
24. भिखारी-3
26. ख्यात, प्रसिद्ध-4
27. मदिरापान-4
28. मदद, आराम-3
30. इससे कच्ची शराब बनती है-3
31. उस समय-2
32. नागालैंड की एक जाति-2
34. अधर, होठ-2

शब्द पहेली- 6348 का हल

ना	म	क	मा	ना	■	स	म	झ	दा	र
म	■	र	ह	म	■	म	द	न	■	म
र	त	■	■	ची	■	झो	■	■	वा	णी
ख	स	■	ना	न	ख	ता	ई	■	रा	य
ना	ला	य	क	■	त्म	■	मा	त	ह	त
■	■	■	क	था	■	का	न	■	■	■
प	न	घ	ट	■	आ	■	दा	न	वी	र
व	र	■	ना	ना	स	सु	र	■	र	वि
न	म	■	■	म	■	चा	■	■	ता	न
सु	■	आ	स	व	■	ल	ह	र	■	य
त	ल	ब	गा	र	■	न	क	ब	ज	न



खबर संक्षेप

विजयवाड़ा बस स्टैंड पर बैग में विस्फोटक जब्त



विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश पुलिस ने मंगलवार को यहां पंडित नेहरू बस स्टेशन पर सामान की अदला-बदली होने के बाद एक यात्री के बैग से करीब जिलेटिन की 46 छड़ें बरामद कीं, जिनका वजन लगभग पांच किलोग्राम है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

दिल्ली में तीन स्कूलों को ईमेल से बम की धमकी

नई दिल्ली। स्कूलों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को भी ईमेल के जरिये दिल्ली के तीन स्कूलों को बम की धमकी मिली। परिसरों से छात्रों को बाहर निकाल कर सुरक्षा जांच की गई। घंटों के सर्च ऑपरेशन के बाद धमकियां झूठी साबित हुईं। जिन स्कूलों को धमकी मिली उनमें चाणक्यपुरी स्थित ब्रिटिश स्कूल, धौला कुआं स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल और लोदी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय शामिल हैं।

10 हजार छात्र-छात्राओं के लिए बनेंगे हॉस्टल

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने 10 हजार छात्रों के लिए हॉस्टल बनाने का फैसला किया है। इन हॉस्टल में दिल्ली की किसी भी यूनिवर्सिटी के छात्र रह सकेंगे। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि जब हम दिल्ली को और बड़े शिक्षा केंद्र के रूप में देखना चाहते हैं, तो यहां पर छात्रावास की जरूरत को भी पूरा करना जरूरी है। सरकार ने ये तय किया है कि 10,000 बच्चों के लिए सरकार छात्रावास बनाएगी, जहां उनकी सुरक्षा और किफायती आवास की चिंता की जाएगी।



पालघर हिंसाः 16 सितबंर तक हिरासत में आरोपी

पालघर। पालघर अस्पताल हिंसा मामले में गिरफ्तार 22 लोगों को स्थानीय अदालत ने 16 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। रविवार देर रात मजिस्ट्रेट योगेश एच. गजभिये के आदेश पर पुलिस कस्टडी में भेजे गए लोगों में विधायक राजेंद्र गावित के बेटे रोहित गावित और शिवसेना के पूर्व जिला प्रमुख कुंदन सांखे शामिल हैं। 5 और 6 सितंबर की दरमियानी रात शिवसेना के कार्यकर्ता पालघर के रिलीफ हॉस्पिटल में घुस गए, उन्होंने कथित तौर पर प्रॉपर्टी में तोड़फोड़ की।

15 साल की दुष्कर्म पीड़िता की याचिका हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

जबरन मां बनाना सम्मान के अधिकार का उल्लंघन

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने 30 हफ्ते के गर्भ को नष्ट करने की अनुमति दी

साथ ही सभी खर्च सरकार को उठाने के दिए आदेश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि दुष्कर्म पीड़िता को अपराध की वजह से गर्भ ठहरने की स्थिति में उसकी मर्जी के बिना मां बनने की जिम्मेदारी थोपना, सम्मान के साथ जीने के उसके अधिकार का गंभीर उल्लंघन होगा। अदालत ने यह टिप्पणी 15 साल की दुष्कर्म पीड़िता की उस याचिका को स्वीकार करते हुए की, जिसमें उसने 30 हफ्ते के गर्भ को नष्ट करने की अनुमति मांगी थी। चिकित्सा गर्भपात अधिनियम (एमटीपी) की धारा तीन के तहत, कुछ विशेष श्रेणियों की महिलाओं की कानूनी जरूरतों को पूरा करने पर 20 से 24 हफ्ते तक के गर्भ को नष्ट करने की अनुमति देता है। न्यायमूर्ति मधु जैन ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद मामला बताते हुए कहा कि गर्भावस्था के कानूनी समय-सीमा के पार कर जाने करे अलग-थलग करके नहीं देखा जा सकता। अदालत ने आठ सितंबर को दिए आदेश में कहा कि यौन उत्पीड़न के मामलों में, पीड़िता को उत्पीड़न से ठहरे गर्भ को जारी रखने के लिए मजबूर करना और इस तरह उसकी मर्जी के बिना उस पर मातृत्व की जिम्मेदारी डालना, उसके सम्मान के साथ जीने के अधिकार का गंभीर उल्लंघन होगा।"

शारीरिक स्वायत्तता सर्वोपरि

अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी महिला या बच्ची के पास अपने शरीर को लेकर फैसला करने का पूरा अधिकार है। यह भी शामिल है कि वह मां बनना चाहती है या नहीं। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट की सामान्य समय-सीमा (24 सप्ताह) से आगे होने के बावजूद, पीड़िता के मानसिक स्वास्थ्य और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए 30 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की मंजूरी दे दी।

अस्पताल को कड़े निर्देश

अदालत ने लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और एसके अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को तुरंत और सुरक्षित तरीके से इस प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया है। भविष्य में कानूनी कार्यवाही और डीएनए जांच के लिए भ्रूण के टिशू को सुरक्षित रखें।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हादसा

खड़े ट्रक में जा घुसी कार, तीन श्रद्धालुओं की मौत, एक गंभीर

हरियाणा से सांवरिया सेठ और खाटू श्याम के दर्शन के लिए जा रहे थे

मृतकों में एक गुड़गांव के सिकंदरपुर निवासी अरविंद अहीर भी

दुर्घटना के बाद कार की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा गरोठ थाना क्षेत्र में सुबह करीब 4:30 बजे हुआ, जब हरियाणा से सांवरिया सेठ और खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए जा रही एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही गरोठ थाना पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में गुड़गांव (हरियाणा) के सिकंदरपुर निवासी अरविंद अहीर (39 वर्ष), नाथूपुर निवासी बिन्दर अहीर (33 वर्ष) तथा राजस्थान के अलवर जिले के बहरोड़ थाना क्षेत्र स्थित पहेल निवासी कैलाश चंद्र गुर्जर (34 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गुड़गांव निवासी जितेंद्र अहीर (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में उपचाररत घायल जितेंद्र अहीर ने बताया कि वे सभी श्रद्धालु धार्मिक यात्रा पर निकले थे। तड़के के समय क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी।

दिल्ली जिमखाना के सदस्य हाईकोर्ट जाएं : शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली जिमखाना क्लब की 27.3 एकड़ भूमि को केंद्र सरकार द्वारा अपने नियंत्रण में लेने और परिसर खाली कराने के फैसले को चुनौती देने वाले क्लब के 11 सदस्यों को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करने की अनुमति दे दी। जिमखाना क्लब के 11 सदस्यों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ को बताया कि इस समय क्लब का कामकाज केंद्र की ओर से बनाई समिति संभाल रही है व वह सरकार के खिलाफ कानूनी लड़ाई नहीं लड़ सकती।

क्लब के दावे पर केंद्र सरकार के फैसले को दी चुनौती

जरांगे पुलिस की अनुमति न मिलने के बावजूद मुंबई रवाना

जालना (भाषा)। मुंबई में प्रदर्शन करने की पुलिस से अनुमति न मिलने के बावजूद, अनशन पर बैठे मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार सुबह जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव से मुंबई के लिए कूच किया। कुनबी जाति की वंशावली वाले मराठा समुदाय के सदस्यों के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण की मांग को लेकर पिछले 17 दिन से अनशन पर बैठे जरांगे को मुंबई पुलिस ने गणेश उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था की चिंताओं का हवाला देते हुए आजाद मैदान में विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। मनोज जरांगे अपने रुख

हाईकोर्ट ने विमल इलायची की याचिका को खारिज किया

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को विमल इलायची कंपनी की याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में कंपनी के ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को मिले नोटिस रद्द करने की मांग की गई थी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का क्षेत्रीय अधिकार नहीं बनता। नोटिस से जुड़ी शिकायत के लिए महाराष्ट्र की अदालतें ज्यादा सही और सुविधाजनक मंच हैं। महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने तीनों कलाकारों को विमल इलायची के विज्ञापनों में उत्पाद की गलत प्रस्तुति के आरोप में कारण बताओ नोटिस भेजे थे।

अजय, शाहरुख को जारी नोटिस रद्द करने की मांग थी

कोर्ट ने इन्फ्लुएंसर स्वतंत्र भारद्वाज को तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत दी

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली की एक अदालत ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान एक छात्रा के पिता पर हमले समेत अन्य आरोपों से जुड़े मामले में हिंदुत्व समर्थक इन्फ्लुएंसर स्वतंत्र भारद्वाज को मंगलवार को तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कार्यवाही बंद कमरे में हुई। अदालत के सूत्रों के अनुसार, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने भारद्वाज को तीन हफ्ते की अंतरिम जमानत दी। भारद्वाज को सात सितंबर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इससे पहले, सोमवार को न्यायाधीश ने कहा था कि आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई बंद कमरे में होगी।

पंजाब में ग्रामीण की आत्महत्या के बाद कांग्रेस का प्रदर्शन, हिरासत में पायलट

भाषा ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब के एआईसीसी प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और पार्टी के विभिन्न नेताओं को मंगलवार को पुलिस ने उस समय हिरासत में ले लिया जब वे एक दलित व्यक्ति की कथित आत्महत्या के मामले में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा को हटाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। घटना की स्वतंत्र जांच की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों ने चीमा के आधिकारिक आवास की ओर मार्च करने और अवरोधकों को जबरन पार करने की कोशिश की, लेकिन उन पर पानी की बौछारें की गईं। कांग्रेस ने दावा किया कि पानी की बौछारों के असर से वरिष्ठ नेता कुलजीत नागरा समेत कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए। प्रदर्शन में राज्य इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और वड़िंग को अध्यक्ष बनाए रखने का विरोध करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी ने भी हिस्सा लिया।

यह है मामला

संगरूर के दिड़बा के रहने वाले गुलजार सिंह की सात सितंबर को कथित तौर पर जहर खाने से मौत हो गई थी। उनके परिवार ने आरोप लगाया है कि दिड़बा में एक कार्यक्रम के दौरान चीमा से उनके इलाके में मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में सवाल पूछने के कारण सिंह को प्रताड़ित किया गया और जातिसूचक अपशब्द कहे गए।

मणिपुर में संदिग्ध उग्रवादियों ने दो महिलाओं की हत्या की

इंफाल (भाषा)। मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में हुई ताजा हिंसा में संदिग्ध उग्रवादियों ने एक गांव के बाहर दो महिलाओं की गोली मारकर हत्या कर दी और कुछ फार्महाउस में आग लगा दी। ये हत्याएं तामेंगलोंग और नोनी जिलों में दो महिलाओं समेत चार लोगों की गोली मारकर हत्या किए जाने के दो दिन बाद हुई हैं। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के हवाले से बताया कि हथियारों से लैस उग्रवादियों ने कुकी समुदाय की दो महिलाओं की गोली मारकर हत्या कर दी।

शिवसेना विभाजन मामले में सुको ने सुनवाई फिर शुरू की

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष द्वारा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना धड़े के विधायकों को अयोग्य ठहराने से इनकार किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई फिर से शुरू की। सुनवाई के दौरान शिंदे धड़े ने निर्वाचन आयोग के उस फैसले का बचाव किया, जिसमें उसे 'असली' शिवसेना के रूप में मान्यता दी गई थी।

कांग्रेस ने असम में 15 नेताओं को पार्टी से निकाला

नई दिल्ली। असम कांग्रेस ने पार्टी के अनुशासन का उल्लंघन करने के आरोप में 15 नेताओं और कार्यकर्ताओं को तीन साल के लिए पार्टी से निकाल दिया है। यह कार्रवाई असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई के निर्देश पर की गई। इसके अनुसार, निकाले गए लोगों में हाशिम उद्दीन बारभुइयां, सुजीत दास, पूजा दास, वकील जासिम उद्दीन लस्कर और हनीफ उद्दीन बारभुइयां शामिल हैं। पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष अली रजा उस्मानी के साथ-साथ फातिमा चौधरी, लवली बेगम, पार्थ रॉय, मालविका चौधरी, विश्वतोष नाग और निशीथ दास और इसके अलावा, सिलचर जिला परिषद के सदस्य नूर इस्लाम बारभुइयां, पूर्व जोनल टाउन अध्यक्ष अनुपम पाल और सिलचर विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस अध्यक्ष जन्मजय चौधरी को भी पार्टी से निकाल दिया गया है।

राम मंदिरः सीईओ पद के साक्षात्कार के लिए सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा आए थे

अयोध्या (भाषा)। पूर्व आईपीएस अधिकारी राजेश पांडेय के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सीईओ की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए जाने के बाद न्यास ने स्पष्ट किया है कि चुने गए सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा 11 अगस्त को साक्षात्कार के लिए आए थे। राम मंदिर न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद की दौड़ में शामिल रहे पांडेय ने हाल में एक साक्षात्कार में कहा था कि 11 अगस्त को उन्हें दिए गए समय के दौरान उन्होंने मिश्रा को साक्षात्कार वाली जगह पर नहीं देखा था। इन टिप्पणियों के बाद न्यास को चयन प्रक्रिया पर स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा, वहीं पांडेय ने भी स्पष्ट किया कि उनकी बातों का गलत मतलब निकाला गया।

फ.सं.35 - 4/2026 - टीएस. ।।।

भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

*****

07 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) प्रत्येक में आगामी रिक्तियों के लिए निदेशक की नियुक्ति

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी)-हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश), जयपुर (राजस्थान), जालंधर (पंजाब), राउरकेला (ओडिशा), सूरत (गुजरात), तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) और मिजोरम प्रत्येक में निदेशक के एक-एक पद हेतु आगामी रिक्तियों को नियमों के अधीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति के समकक्ष यथा स्वीकार्य ₹11,250/- प्रति माह के विशेष भत्ते सहित ₹2,10,000/-(निश्चित) के नियत वेतनमान पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

एनआईटी के निदेशक से अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के नाते यह अपेक्षा की जाती है कि उनकी नेतृत्व गुणों के साथ प्रमाणित प्रशासनिक, शिक्षण और अनुसंधान की पृष्ठभूमि (पीएचडी स्तर पर अनुसंधान मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण अनुभव सहित) हों। नियुक्ति, अनुबंध के आधार पर पांच वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु की प्राप्ति तक, जो भी पहले हो, की जाएगी।

पात्र / इच्छुक व्यक्ति www.nitcouncil.org.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो 21.09.2026 से 20.10.2026 तक 12:00 बजे मध्यरात्रि तक खोली जाएगी। दोनों तिथियां शामिल हैं।

यदि अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण के बीच कोई असंगतता या अस्पष्टता है, तो अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगा।

अन्य आवश्यक जानकारी के साथ विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट http://education.gov.in और www.nitcouncil.org.in पर दिए गए हैं।

*****

CBC-21385/11/0001/2627

दिल्ली की महिला से 200 करोड़ की रंगदारी मांगी

गोल्डी बराड़ के नाम पर आया फोन

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ की टीम जांच कर रही

अब तक की सबसे बड़ी रकम

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला से 200 करोड़ रुपये की भारी भरकम रंगदारी की मांग की गई है। रंगदारी की रकम न देने पर महिला और उसके पति को जान से मारने की भी धमकी दी गई है। महिला को ये धमकी वॉट्सऐप कॉल कर के दी गई है। सूत्रों के अनुसार, ये दिल्ली में अब तक मांगी गई रंगदारी की यह सबसे बड़ी रकम है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और फोन करने वाले की पहचान और इतनी बड़ी रकम की मांग के मकसद का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

सिविल लाइंस इलाके में महिला की संपत्ति

दिल्ली पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके की रहने वाली एक महिला को कथित तौर पर गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के नाम से एक विदेशी नंबर से धमकी भरी वॉट्सऐप कॉल आई। कॉलर ने 200 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी और महिला व उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। सूत्रों के मुताबिक, करीब 50 साल की यह महिला सिविल लाइंस इलाके में रहती है और वहां उसकी पुश्तैनी संपत्ति है।

7 सितंबर को रात करीब 10:44 बजे उसे एक विदेशी नंबर से वॉट्सऐप कॉल आई। कॉलर ने कथित तौर पर खुद को गोल्डी बराड़ बताया और दावा किया कि उसके पास महिला के बारे में पूरी जानकारी है। कॉलर ने कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की मांग की और पैसे न देने पर महिला व उसके पति को जान से मारने की धमकी दी।

दिल्ली में युवक की हत्या के विरोध में प्रदर्शन, जाम

दो घंटे तक बाधित रहा एमजी रोड, एनएच-48 पर जाम

दक्षिण दिल्ली के आया नगर में युवक की गोली मारी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के आया नगर इलाके में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में मंगलवार को परिजनों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया, जिससे गुरुग्राम और महरौली-बदरपुर रोड की ओर जाने वाले यातायात की रफ्तार थम गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह प्रदर्शन आया नगर में हुई हत्या के विरोध में एमजी (महरौली-गुरुग्राम) रोड स्थित अर्जनगढ़ मेट्रो स्टेशन के पास आयोजित किया गया था। परिजनों द्वारा गुरुग्राम और महरौली-बदरपुर (एमबी) रोड की ओर जाने वाली सड़क को अवरुद्ध किए जाने से इस व्यस्त मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। इस बीच दिल्ली यातायात पुलिस ने एक परामर्श जारी कर बताया कि प्रदर्शन के कारण एमजी रोड पर यातायात प्रभावित रहने की संभावना है। पुलिस ने वाहन चालकों को प्रभावित मार्ग से बचने की सलाह दी और छतरपुर के सीडीआर चौक से गाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया। जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम और महरौली के बीच यात्रा करने वाले लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग-48 (एनएच-48), महिपालपुर और अंधेरिया मोड़ वाले वैकल्पिक रास्ते का इस्तेमाल करने को कहा गया है। इसी तरह महरौली से गुरुग्राम जाने वाले यात्रियों को अंधेरिया मोड़, महिपालपुर और एनएच-48 से होकर जाने की सलाह दी गई है।

Model Economic Township Limited

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, 77–बी, इफको रोड़, सैक्टर – 18, गुरूग्राम – 122015, हरियाणा, फोनः 0124–352 7369
CIN: U70109HR2006PLC036416

सार्वजनिक सूचना

HRERA रियल एस्टेट प्रोजैक्ट रजिस्ट्रेशन
सर्टिफिकेट नं. HRERA-PKL-JJR-6-2018 Dated 27.04.2018 &
रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नं. HRERA-PKL-JJR-195-2020 Dated 19.03.2020

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमें, मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड को, हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा हमारी "Model Economic Township" नामक औद्योगिक प्लॉटिड परियोजना (जिसका कुल क्षेत्रफल 580.722 एकड + 49.086 एकड - 1.262 एकड = 628.546 एकड है) जोकि औद्योगिक प्लॉटिड कॉलोनी का हिस्सा है एवम् राज्य राजमार्ग 15ए पर गाँव दादरी तोए, बीड़ दादरी, याकूबपुर एवं सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में स्थित है, के लिए सप्लिमैंट्री रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट No. HRERA-7795 Dated 11.09.2026 प्रदान किया गया है, परियोजना के बैंक खातों का विवरण इस प्रकार है:

बैंक अकाउंट का नाम	:	अकाउंट नम्बर
Model Economic Township Ltd - 100% Master Account (Collection Account)	:	459405000047
Model Economic Township Ltd - 70% Escrow Account (Project Account)	:	459405000049
Model Economic Township Ltd - 30% Free Account	:	777705005433
बैंक अकाउंट की किस्म	:	Current Account
बैंक का नाम	:	ICICI Bank Limited
बैंक ब्रांच का पता	:	Reliance Met Ltd, Sector 5, Village Dadri Toye, On SH 15A, Jhajjar, Haryana 124515
आई.एफ.एस.सी. कोड नम्बर	:	ICIC0004594

यह सूचना हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में जारी की गई है।

कृते मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड
प्राधिकृत हस्ताक्षरी

दिनांक : 15.09.2026

www.modeleconomictownship.com

इश्तहार अखबार

न्यायालय श्री महेश कुमार, एच.सी.एस., उप मण्डल अधिकारी (ना०) एवं कलैक्टर, भिवानी।
केस नम्बर : 287/फकुलरहन
आगामी तारीख पेशी: 12.10.2026

अशोक कुमार पुत्र श्री महीपाल सिंह पुत्र श्री रामचन्द्र सिंह पुत्र श्री मुसदी पुत्र हरसुख पुत्र जालिम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी। **फरीक अव्वल।**

बनाम

1. बिरजु, 2. रमेश, 3. सुरेश पुत्रान श्री गजराज पुत्र मान सिंह पुत्र श्री मक्तुल पुत्र रूपराम निवासीयान गांव रिवाड़ीखेडा तहसील व जिला भिवानी। 4. मिथलेश पुत्री श्री गजराज पुत्र मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी श्री मातादीन निवासी गांव बास डाकखान रतनथल तहसील कौसली जिला रेवाड़ी, 5. सुशील पुत्री श्री गजराज पुत्र मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गावं रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी श्री रमेश निवासी गांव रिवासा तहसील तोशाम जिला भिवानी, 6. बबीता विधवा व 7. आशा नाबालिग पुत्री 8. मंयक नाबालिग पुत्र श्री बिजेन्द्र पुत्र श्री गजराज पुत्र मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासीयान गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी नाबालगान बवलायत व बरफाक्त श्रीमति बबीता माता खुद, 9. श्रीमति शान्ति विधवा व 10. सतपाल, 11. पवन पुत्रान उमेद पुत्र श्री मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराग निवासीयान गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी, 12. बबीता पुत्री उमेद पुत्र श्री मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी जयपाल निवासी गांव रतेरा तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी, 13. अनिता पुत्री उमेद पुत्र श्री मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी रामफल निवासी गांव रतेरा तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी, 14. नेहा पुत्री श्रीमति मन्जू पुत्री उमेद पुत्र श्री मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी नरेन्द्र निवासी पिलाना जिला चरखी दादरी, 15. निशा पुत्री श्रीमति मन्जू पुत्री उमेद पुत्र श्री मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी अशोक कुमार निवासी गांव देवसर तहसील व जिला भिवानी, 16. श्रीमति रामरती विधवा व 17. अजीत पुत्र हरज्ञान पुत्र श्री मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी, 18. भतेर पुत्री श्री हरज्ञान पुत्र मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी श्री पालु निवासी बवानी खेड़ा तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी, 19. पाल पुत्री हरज्ञान पुत्र मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी श्री सुबे निवासी बवानी खेड़ा तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी, 20. महाटो पुत्री हरज्ञान पुत्र मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी सुरेन्द्र निवासी बवानी खेड़ा तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी, 21. मनीषा पुत्री हरज्ञान पुत्र मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी पवन निवासी गांव बापोड़ा तहसील व जिला भिवानी, 22. पुजा पुत्री हरज्ञान पुत्र मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी श्री रवि निवासी गांव बापोड़ा, तहसील व जिला भिवानी, 23. सरोज विधवा व 24. रविन्द्र, 25. नीरज पुत्रान व 26. गायत्री पुत्री महाबीर पुत्र मान सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी, 27. अशोक, 28. दिनेश पुत्रान श्रीमति बीरा पुत्री मान सिंह पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासीयान गांव हंसावास तहसील कौसली जिला रेवाड़ी, 39. सविता पुत्री श्रीमति बीरा पुत्री मान सिंह पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम एवं हाल पत्नी सुरेन्द्र निवासी गांव बसावता जिला झुन्झुनु राजस्थान, 40. सीमा पुत्री श्रीमति बीरा पुत्री मान सिंह पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम एवं हाल पत्नी श्री दिलबाग निवासी गांव बसावता जिला झुन्झुनु राजस्थान, 41. राकेश, 42. बिंटू पुत्रान श्रीमति रामकली पुत्री मान सिंह पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासीयान गांव न्यौला जिला झज्जर, 43. दिनेश पुत्र मुर्ति पुत्री मान सिंह पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव न्यौला जिला झज्जर, 44. बेदा पुत्री मान सिंह पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम एवं हाल पत्नी राजेन्द्र सिंह निवासी गांव हंसावास तहसील कौसली जिला रेवाड़ी, 45. लीलू, 45. सुरेन्द्र, 46. अनिल पुत्रान श्री मुन्शी पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासीयान गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी, 47. श्रीमति रमेश विधवा व 48. सुनील, 49. जोगेन्द्र पुत्रान श्री अमर सिंह पुत्र गुन्शी पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासीयान गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी, 50. पुजा पुत्री अमर सिंह पुत्र मुन्शी पुत्र मकतुल मुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी सुभाष तंवर निवासी उतम नगर, भिवानी, 51. नीलम विधवा व 52. हेमन्त, 53. राहुल पुत्रान राजेन्द्र पुत्र मुन्शी पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी, 54. कौशल्या पुत्री मुन्शी पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी औमबीर निवासी गांव खोहरा ठाकरान जिला अलवर राजस्थान, 55. राजेश पुत्री मुन्शी पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासी रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी कृष्ण निवासी गांव खोहरा ठाकरान जिला अलवर राजस्थान, 56. पुष्पा पुत्री मुन्शी पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी अशोक कुमार निवासी गांव खोहरा ठाकरान जिला अलवर राजस्थान, 57. राजो पुत्री मुन्शी पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी कृष्ण निवासी गांव रतेरा तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी, 58. कान्ता पुत्री मुन्शी पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी पवन निवासी गांव रतेरा तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी, 59. बाला पुत्री मुन्शी पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाडीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी एवं हाल पत्नी अजयपाल निवासी गांव रतेरा तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी, 60. रामु, 61. नेपाल पुत्रान श्रीमति सन्तोष पुत्री मुन्शी पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम निवासीयान गांव रतेरा तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी, 62. पुनम पुत्री सन्तोष पुत्री मुन्शी पुत्र मकतुल पुत्र रूपराम एवं हाल पत्नी कृष्ण निवासी गांव मानेहरू तहसील व जिला भिवानी, 63. दयावती विधवा जगत सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाड़ीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी हालाबाद मकान नम्बर 83 जगत कालोनी, भिवानी, 64. रजनी पुत्री जगत सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी गांव रिवाडीखेड़ा तहसील व जिला भिवानी हालाबाद मकान नम्बर 83 जगत कालोनी, भिवानी, 65. रचना पुत्री जगत सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम एवं हाल पत्नी रघुराज निवासी भारत नगर, भिवानी, 66. सुषमा पुत्री जगत सिंह पुत्र श्री मकतुल पुत्र रूपराम एवं हाल पत्नी युद्धवीर सिंह निवासी गांव देवसर तहसील व जिला भिवानी, 67. सन्तु पुत्र श्रीमति सरस्वती पुत्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासी नाहरेड़ा जयपुर राजस्थान, 68. सुरेश, 69. महेश पुत्रान श्रीमति मानबाई पुत्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासीयान गांव नाहरेड़ा जयपुर राजस्थान, 70. मनोहर, 71. रतन, 72. रामकिशन पुत्रान श्रीमति बरफा पुत्री मकतुल पुत्र रूपराम निवासीयान गांव व डा० आलमपुर तहसील व जिला कोटपुतली राजस्थान। 73. जनरल पब्लिक। **उत्तरवादीगण।**

.... दरखास्त फकुलरहन रहन निसबत अराजी जरई मुन्द्रजा खेवट नम्बर 823/758 खतौनी नम्बर 1148 खसरा व किला नम्बर 160//2/2(4-19) व खतौनी नम्बर 1149 खसरा व किला नम्बर 82//9(8-0) व खतौनी नम्बर 1150 खसरा नम्बर 82//11/2(6-0), 12(8-2), 20/1(3-7), 20/2(3-11), 21 (8-0) व खतौनी नम्बर 1151 खसरा व किला नम्बर 160//3/1(7-19), 4/1(3-8) कुल तादादी 53 कनाल 6 मरला व भूमि खेवट नम्बर 824/758 खतौनी नम्बर 1152 खसरा नम्बर 136//18(8-0), 22(8-0). 23/1(2-13), व खतौनी नम्बर 1153 खसरा व किला नम्बर 108//3 (9-8), 4(6-16), 136//23/2(5-7), 24 (8-0) कुल तादादी 48 कनाल 5 मरला व भूमि खेवट नम्बर 825/759 खतौनी नम्बर 1154 खसरा व किला नम्बरान 81//25 (8-16) व खतौनी नम्बर 1155 खसरा व किला नम्बर 136//17/1(3-2) कुल तादादी 11 कनाल 18 मरला तमाम अराजी हर तीन खेवटजात उपरोक्त अनुसार जमाबन्दी साल 2020-21 वाका गांव रिवाड़ीखेडा तहसील व जिला भिवानी बाअदायगी मुबलिग 30/- रूपये।

उपरोक्त अनुवानवाला केस इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी तारीख पेशी 12.10.2026 निश्चित है। उपरोक्त केस में उतरवादीगण की साधारण तरीके से तामिल नहीं हो सकी। इसलिए प्राकृतिक न्याय के सिद्वान्त को ध्यान में रखते हुये उतरवादीगण को बजरिये इश्तहार अखबार इतलाह दी जाती है कि वह दिनांक 12.10.2026 को असालतन/वकालतन/ मुख्त्यारतन इस न्यायालय में प्रातः 09:30 बजे पेश हों अन्यथा उनके खिलाफ कार्यवाही एकतरफा अमल में लाते हुये केस में आगामी कार्यवाही कर दी जायेगी।

आज दिनांक 26.08.2026 के मेरे हस्ताक्षर व मोहर द्वारा जारी किया गया।

उप मण्डल अधिकारी (ना०)
एवं कलैक्टर, भिवानी।

चिंतन

धरती के लिए खतरा बढ़ा रही अंतरिक्ष में हथियारों की आहट

अमेरिका ने पहली बार सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका, रूस और चीन के बीच अंतरिक्ष में रणनीतिक बढ़त हासिल करने की होड़ लगातार तेज हो रही है। सवाल इसलिए केवल यह नहीं है कि अमेरिका ने अंतरिक्ष में कौन से हथियार तैनात किए हैं, बल्कि यह भी है कि इस खुलासे का समय क्या संकेत देता है? क्या यह ईरान और पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रम से दुनिया का ध्यान हटाने की कोशिश है या फिर अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ के एक नए दौर का सार्वजनिक ऐलान? अमेरिकी अधिकारी ने यह तो कहा कि ऑर्बिट में मौजूद हथियार जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों और अंतरिक्ष प्रणालियों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं, लेकिन यह नहीं बताया कि ये हथियार किस प्रकार के हैं, कितने हैं और इन्हें कब अंतरिक्ष में भेजा गया। यही गोपनीयता इस पूरे घटनाक्रम को और गंभीर बनाती है। आज के युद्ध में सैटेलाइट किसी देश की आंख, कान और संचार व्यवस्था की रीढ़ बन चुके हैं। सेना इनके जरिए संपर्क बनाए रखती है, दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखती है, मिसाइलों की चेतावनी हासिल करती है और अपने सैनिकों तथा हथियारों की स्थिति का पता लगाती है। इसलिए अंतरिक्ष पर नियंत्रण का अर्थ धीरे-धीरे युद्ध के मैदान पर बढ़त हासिल करने से जुड़ता जा रहा है। अमेरिका लंबे समय से रूस और चीन की अंतरिक्ष सैन्य क्षमताओं को लेकर चिंता जताता रहा है। रूस के अंतरिक्ष में परमाणु क्षमता विकसित करने की आशंकाओं को लेकर भी अमेरिका चिंता जाहिर करता रहा है, हालांकि मॉस्को इन आरोपों से इनकार करता है। दूसरी ओर, चीन भी अपनी सैन्य आधुनिकीकरण नीति के तहत अंतरिक्ष और एंटी-सैटेलाइट तकनीक में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अमेरिका का यह कहना कि उसके पास भी ऑर्बिट में हथियार मौजूद हैं, सुरक्षा की मजबूरी के रूप में पेश किया जा सकता है। समस्या यह है कि एक देश की सुरक्षा दूसरे देश के लिए खतरा बन सकती है। परिणाम वही होगा जो दुनिया ने परमाणु हथियारों की होड़ में देखा। सुरक्षा के नाम पर शुरू हुई प्रतिस्पर्धा धीरे-धीरे असुरक्षा को बढ़ाती चली गई। इस घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू यही है कि अंतरिक्ष अब केवल वैज्ञानिक अनुसंधान, संचार और मानव प्रगति का क्षेत्र नहीं रह गया है। वह तेजी से सैन्य रणनीति का नया मोर्चा बन रहा है। यदि किसी बड़े संघर्ष में सैटेलाइटों को निशाना बनाया गया तो उसका असर केवल सैनिक अभियानों तक सीमित नहीं रहेगा। नेविगेशन, विमानन, समुद्री परिवहन, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, दूरसंचार और वित्तीय सेवाओं तक पर असर पड़ सकता है। अंतरिक्ष में मुठभेड़ हुई तो उसकी कीमत धरती पर आम आदमी चुका सकता है। यहीं 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी की प्रासंगिकता सामने आती है। इस संधि ने पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों और सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों की तैनाती पर रोक लगाई थी। लेकिन इसमें पारंपरिक हथियारों के अंतरिक्ष में इस्तेमाल पर वैसी स्पष्ट और व्यापक रोक नहीं है। अमेरिका का ताजा खुलासा इसलिए दुनिया के लिए चेतावनी है कि अंतरिक्ष को युद्ध का नया मैदान बनने से रोकने के लिए मौजूदा अंतरराष्ट्रीय नियम पर्याप्त नहीं हैं। दुनिया को अब यह तय करना होगा कि अंतरिक्ष में कौन-सी सैन्य गतिविधियां स्वीकार्य होंगी और कौन-सी नहीं।



ऊर्जा जरूरत और अर्थव्यवस्था पर असर

पश्चिम एशिया संकट
अखिलेश आर्येन्दु

तेल की कीमत 100 डालर के पार पहुंच गई है, जिसका असर दुनियाभर में साफ-साफ दिखाई दे रहा है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए इसका अर्थ है-ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती, रुपये पर दबाव, महंगाई का जोखिम और आयात बिल में वृद्धि। जैसे-जैसे सैन्य तनाव बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। सवाल खड़ा किया जा रहा है कि क्या भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा सुरक्षा इतनी अधिक आयातित तेल पर निर्भर रह सकती है? पश्चिम एशिया में संघर्ष और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर व्यवधान ने तेल की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। भारत के लिए यह चिंता इसलिए बड़ी है क्योंकि देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है।

पश्चिम एशिया संकट सुलझता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिका पीछे हटने को तैयार नहीं है और न ईरान ही। ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध रूस-यूक्रेन जैसा लम्बा खिंचेगा। तेल की कीमत 100 डालर के पार पहुंच गई है, जिसका असर दुनियाभर में साफ-साफ दिखाई दे रहा है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए इसका अर्थ है-ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती, रुपये पर दबाव, महंगाई का जोखिम और आयात बिल में वृद्धि। जैसे-जैसे सैन्य तनाव बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं।

सवाल खड़ा किया जा रहा है कि क्या भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा सुरक्षा इतनी अधिक आयातित तेल पर निर्भर रह सकती है? पश्चिम एशिया में संघर्ष और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर व्यवधान ने तेल की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। भारत के लिए यह चिंता इसलिए बड़ी है क्योंकि देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत में हर उछाल भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती लेकर आता है। तेल केवल पेट्रोल पंप पर बिकने वाला ईंधन नहीं है, इसका संबंध अर्थव्यवस्था के तकरीबन हर क्षेत्र से है। परिवहन, कृषि, विमानन, पेट्रोकेमिकल उद्योग में कच्चे तेल से बनने वाले उत्पादों का इस्तेमाल होता है। प्लास्टिक, रसायन, सिंथेटिक फाइबर और अनेक औद्योगिक वस्तुओं की लागत भी ऊर्जा कीमतों से जुड़ी होती है। इसलिए कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का असर धीरे-धीरे ही सही, हर क्षेत्र में दिखाई देता है। सबसे पहले आयात बिल बढ़ता है। इसके बाद डालर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव बढ़ जाता है। रुपया लगातार प्रतिदिन गिर रहा है। रुपया कमजोर होने पर भारत में आयातित तेल और महंगा हो जाता है। यानी भारत के सामने दोहरा दबाव पैदा हो जाता है- अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा और डालर के मुकाबले रुपया कमजोर। रुपया कमजोर होने का मतलब डालर की मांग बढ़ना और आयात की हुई हर वस्तु की कीमत अधिक चुकता करना। महंगाई बढ़ने की बड़ी वजह रुपये का लगातार कमजोर होते जाना है। इसलिए एशिया संकट जितनी जल्दी खत्म होगा, भारत के लिए उतना ही अच्छा होगा। पश्चिम एशिया में तेल की कीमतों का लगातार बढ़ते जाने के बावजूद भारत में उस तरह की महंगाई का दौर नहीं आया, जैसे दुनिया के दूसरे देशों में देखने में आया और अभी भी बना हुआ है। सवाल यह है कि तेल के दाम बढ़ते जाने के असर से भारत में वस्तुओं के दाम स्थिर बनाए रखना क्या हर स्थिति में संभव होगा? अर्थशास्त्रियों के अनुसार दुनिया में तेल संकट के बाद भी भारत में महंगाई उस दर से नहीं बढ़ी, जैसे भारत के पड़ोसी देशों में बढ़ी। इसकी वजह है भारत के पास दुनिया की बड़ी रिफाइनिंग क्षमता वाला सुरक्षा कवच का होना। इस सुरक्षा कवच के कारण कच्चा तेल आयात करके उसे पेट्रोल, डीजल, विमानन ईंधन और दूसरे पेट्रोलियम उत्पाद में बदल सकता है। दूसरी बात, भारत ने रूस सहित अलग-अलग देशों से तेल खरीदकर पिछले वर्षों में अपने आयात स्रोतों को भी विधिवत बनाया है,लेकिन यह सुरक्षा कवच बहुत लम्बे समय तक सुरक्षा नहीं दे सकता है। यदि तेल आयात पूरी तरह ठप हो जाए तो भारत के सामने ऊर्जा के दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसलिए

अभी से ही विकल्पों को दुरुस्त करना होगा। सवाल यह है कि क्या रूस पर निर्भरता ऊर्जा समस्या का समाधान है या असली समाधान के लिए वैकल्पिक ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाना समाधान है? पश्चिम एशिया संकट के बीच अक्सर कहा जाता है कि भारत को अपने सबसे विश्वसनीय मित्र रूस से अधिक तेल खरीदना चाहिए बजाय मध्य-पूर्व देशों से। जानकारों के अनुसार रूस पर निर्भरता कुछ हद तक ही ठीक है।

एक देश पर निर्भरता के बजाय भारत को चाहिए कि वह अनेक स्रोतों और अनेक तकनीकों के संतुलित मिश्रण को अपनाए। यानी स्थायी समाधान भारत को मुकम्मल रूप से खुद तैयार करना होगा। हर तेल संकट भारत को एक ही संदेश देता है-तेल आयात पर निर्भरता कम करनी होगी। इसके लिए केंद्र सरकार लगातार वैकल्पिक ऊर्जा का विस्तार कर रही है। सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा में लगातार विस्तार कर रही है। गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता में तेजी से वृद्धि हुई है। केवल सौर पैनल लगा देने से तेल समस्या खत्म नहीं होगी। अभी गैर-जीवाश्म ऊर्जा से चलने वाले वाहनों की संख्या बहुत कम है। गैर जीवाश्म ऊर्जा से चलने वाले दो और चार पहिया वाहनों की खरीदारी बढ़ी तो है, लेकिन उतनी नहीं, जिससे तेल संकट के वक्त काम आ सकें। इसी तरह सार्वजनिक परिवहनों, रेलवे का विद्युतीकरण, ऊर्जा-कुशल माल ढुलाई जैसे विकल्प बढ़े हैं, लेकिन यह बहुत कम हैं। इसके लिए वैटरी भंडारण और ग्रिड क्षमता को बढ़ाने की जरूरत है। ठंडक के दिनों में कोहरा छाए रहने, बरसात में कई दिनों तक बादल छाए रहने पर सौर ऊर्जा कम प्राप्त हो पाती है। हालिया ऊर्जा समस्या के समाधान में केंद्र सरकार ने कोयले और तेल पर निर्भरता कम करने के लिए परमाणु, सौर, पवन, जलविद्युत, बैटरी भंडारण और हरित हाइड्रोजन जैसे विविध स्रोतों पर निर्भरता बढ़ाने का कार्य किया है। इससे ऊर्जा सुरक्षा को लेकर होने वाली चिंताओं में राहत दिखाई दी है। हाल में यह बताया गया कि तेल संकट के साथ देश में बिजली संकट भी बढ़ सकता है, क्योंकि मांग की अपेक्षा आपूर्ति नहीं हो पा रही है। आज की तारीख में देश के 59 कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार बेहद कम है। आज की रिपोर्ट के अनुसार इन संयंत्रों के पास या तो निर्धारित स्टाक का 25 प्रतिशत से कम था या तीन दिन से कम उत्पादन जितना कोयला उपलब्ध था। बिजली की मांग करीब 267 गेगा वाट पहुंची और रिकार्ड 270 गेगा वाट के आसपास बनी हुई है। अब जब कि तेल, कोयला दोनों का संकट बढ़ रहा है, देश को ऊर्जा सुरक्षा मिशन की जरूरत बढ़ गई है। अब केंद्र सरकार को ऐसी ऊर्जा नीति बनानी होगी, जो किसी भी संकट के वक्त सुरक्षा कवच के रूप में मौजूद रहे। पहला लक्ष्य यह होना चाहिए कि तेल आयात पर धीरे-धीरे निर्भरता कम की जाए। दूसरी नीति रणनीतिक रूप से पेट्रोलियम भंडार को बढ़ाया जाए। तीसरी सुरक्षा यह होनी चाहिए कि एलपीजी और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के वैकल्पिक मार्ग विकसित किए जाएं। चौथी सुरक्षा इलेक्ट्रोलिकल सार्वजनिक परिवहन को तेज गति से बढ़ाया जाए जैसे दिल्ली सरकार ने किया है। पांचवीं सुरक्षा बैटरी स्टोरेज और राष्ट्रीय बिजली ग्रिड को मजबूत किया जाए। छठे सुरक्षा के रूप में परमाणु ऊर्जाऔर नवीकरणीय ऊर्जा के संतुलित विस्तार को बढ़ाया जाए और ऊर्जा आयात के लिए एक ही क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता धीरे-धीरे कम की जाए। बढ़ते ऊर्जा संकट में केंद्र सरकार बड़ी सावधानी से आगे बढ़ रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि तेल और गैस संकट से भारत अपने वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का बेहतर इस्तेमाल कर उबर जाएगा और ऐसा संकट नहीं आएगा कि जनता त्राहि-त्राहि करने लगेगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्व ओजोन दिवस
रोहित कौशिक

नया शोध, नई जानकारी लेकिन खतरा टला नहीं

विकास एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। यही कारण है कि विश्व के ज्यादातर देश किसी न किसी रूप से विकास कर रहे हैं। जीवन स्तर सुधारने के लिए विकास की यह प्रक्रिया सुखद है, लेकिन क्या इस विकास से सच्चे अर्थों में हमारा जीवन स्तर सुधर पाया है? भौतिक रूप से देखें तो निश्चित रूप से हमारा जीवन स्तर सुधरा है, लेकिन विकास की इस प्रक्रिया ने हमारे पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचाई है। इसका असर न केवल प्रकृति के स्वास्थ्य बल्कि हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ा है। इस दृष्टि से देखें तो हमारा जीवन स्तर सुधरा नहीं है, अपितु खराब ही हुआ है। विकास की इस प्रक्रिया ने प्रकृति को कई जख्म दिए है। प्रकृति के इन जख्मों ने इंसान के स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा प्रभाव डाला है। विभिन्न तरह से हमारी रक्षा करने वाली ओजोन परत का क्षरण भी विकास की अंधाधुंध प्रक्रियाओं का ही नतीता है। समय-समय पर ओजान परत को लेकर कई अध्ययन प्रकाशित होते रहते हैं। दरअसल, ओजोन परत पृथ्वी के वातावरण की एक महत्वपूर्ण है। यह परत हमें सूर्य की हानिकारण पैराबैंगनी किरणों से बचाती है। 1980 के दशक में वैज्ञानिकों को पता चला था कि यह परत तेजी से पतली हो रही है। मुख्य रूप से अंटार्कटिका के ऊपर एक ओजोन छेद बन रहा था। वैज्ञानिकों ने बताया था कि इसका मुख्य कारण क्लोरोफ्लोरोकार्बन जैसे रसायन हैं जो फ्रिज, एयरकंडीशनर और स्प्रे उत्पादों में इस्तेमाल किए जाते हैं। अब एक नए अध्ययन में बताया गया है कि ओजोन परत का क्षरण 1985 में अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन छिद्र की खोज से बहुत पहले ही शुरू हो चुका था। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने अपने नए अध्ययन में दावा किया है कि अगर आज जैसी उन्नत निगरानी तकनीकें पहले उपलब्ध होतीं तो वैज्ञानिक ओजोन क्षरण के संकेत 1957 में ही पकड़ सकते थे। इसका अर्थ यह है कि ओजोन छिद्र की खोज से लगभग तीन दशक पहले ही इस सुरक्षात्मक परत को नुकसान होना शुरू हो चुका था।

अब तक मुख्य रूप से क्लोरोफ्लोरोकार्बन को ही ओजोन परत के शुरुआती क्षरण के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है, लेकिन बताया गया है कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन नहीं बल्कि कार्बन टेट्राक्लोराइड नाम का एक औद्यागिक रयासन ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार था। दरअसल, लगातार हो रहे वैज्ञानिक अनुसंधानों का सबसे बड़ा लाभ यही है कि नई-नई जानकारियां सामने आती रहती है। ऐसे अध्ययनों में कई बार पिछले अध्ययनों को नकार भी दिया जाता है। यही विज्ञान की सबसे बड़ी ताकत है। विज्ञान की इसी ताकत के बल पर नए आविष्कार होते हैं और नया शोध प्रमाण के साथ सामने आता है। ओजोन परत पर हुए इस नए अध्ययन के नतीजे प्रतिष्ठित जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित हुए हैं। कार्बन टेट्राक्लोराइड 1930 के दशक से ही ड्राईक्लीनिंग और मशीनों की सफाई में चिकनाई हटाने वाले सॉल्वेंट के रूप में इस्तेमाल हो रहा था। बर्फ की गहराइयों से निकाले गए आइस कोर नमूनों में भी इसके निशान मिले। यही रसायन ओजोन परत का शुरुआती क्षरण कर रहा था। हालांकि, अब कार्बन टेट्राक्लोराइड का इस्तेमाल दुनिया के कई हिस्सों में बंद किया जा चुका है। अब कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि ओजोन परत का क्षरण कम हुआ है। इस दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। विभिन्न देशों की सरकारें भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही हैं। हालांकि पर्यावरण के मुद्दे पर अभी भी कई देशों का व्यवहार खोखले आदर्शवाद की परिधि में आता है। यह तो मानना ही पड़ेगा कि इस दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है और इस दिशा में कुछ काम भी हो रहा है। यही कारण है कि आज ओजोन परत की स्थिति में सुधार हुआ है। ओजोन परत की दशा सुधारने के लिए कई तरीके के उपाय किए गए। यह भी कटु सत्य है कि पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर होने वाली वैश्विक संगोष्ठियों में कई बार अपेक्षित निर्णय नही लिए जाते। अनेक बार कई तरह के विरोधाभास भी उभर आते हैं, लेकिन इन सब विसंगतियों के बावजूद जब बार-बार ऐसे मुद्दों पर चर्चा होती है तो कुछ सार्थक परिणाम भी सामने आते ही हैं। इन परिणामों का ही यह नतीजा है कि आज ओजोन परत की स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि इस सुधार के आधार पर यह मान लेना कि खतरा पूरी तरह टल गया है, उचित नहीं है। हमें इस दिशा में लगातार प्रयास करने होंगे। अगर इन प्रयासों में कहीं भी कमी हुई तो ओजोन परत के क्षरण का खतरा पुनः पैदा हो सकता है। हमें यह समझना होगा कि ओजोन परत को संरक्षित करना जिंदगी के लिए बहुत जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मनुष्य इंद्रिय विषयों में करता है आनंद अनुभव



संकलित
दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

मैं भी मेला देखने जाऊंगी

संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने कहा कि वहां बहुत भीड़ होगी कहीं गिर जाओगी तो चोट लगेगी। लड़की ने मां की बात नहीं सुनी और मेला देखने चल पड़ी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मांगती हो? वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

अंतर्मन

पाकिस्तान ने FATF में मसूद अज़हर को मोस्ट वांटेड आतंकवादी घोषित किया



आज की पाती

युवाओं के हौसले का विजयघोष

आज का भारत उस दौर से गुजर रहा है, जहां प्रतिभा किसी बड़े शहर, संपन्न परिवार या महंगे संसाधनों की मोहताज नहीं रह गई है। देश के छोटे कस्बों, गांवों और सामान्य परिवारों से निकलकर युवा अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर दुनिया के मंच पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा की विश्व कप फाइनल में स्वर्णिम सफलता इसी बदलते भारत और उसके युवाओं के बढ़ते हौसले का जीवंत उदाहरण है। यह केवल एक खिलाड़ी की जीत नहीं, बल्कि उन लाखों युवाओं के सपनों की जीत है, जो सीमित साधनों के बावजूद बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मैक्सिको के साल्टिलो में तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज ने जापान के जुन्या नाकानिशी को रोमांचक मुकाबले में शूट ऑफ के जरिए हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। - *गीता चाहर, हिसार*

करंट अफेयर

बांग्लादेश व चीन ने प्रस्तावित आर्थिक गलियारे पर की चर्चा

चीन के राजदूत याओ वेन ने बांग्लादेश की कनिष्ठ विदेश मंत्री शमा ओबैद इस्लाम से मुलाकात की तथा उन्होंने ढाका को म्यांमा और चीन से जोड़ने वाले प्रस्तावित आर्थिक गलियारे के संबंध में सहयोग पर चर्चा की। स्थानीय मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय का हवाला देते हुए बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' ने बताया कि सोमवार को मंत्री के कार्यालय में यह बैठक हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने बुनियादी ढांचा, ऊर्जा, मानव संसाधन विकास और आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा की। प्रस्तावित आर्थिक गलियारा का मकसद म्यांमा के रास्ते बांग्लादेश और दक्षिण-पश्चिमी चीन के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है। यह पूर्व में प्रस्तावित बांग्लादेश-चीन-भारत-म्यांमा (बीसीआईएम) आर्थिक गलियारा से अलग है। इस प्रस्तावित गलियारे से बीजिंग को बंगाल की खाड़ी तक व्यापार और कनेक्टिविटी का एक अतिरिक्त रास्ता मिल सकता है। खबर के अनुसार, दोनों पक्षों ने रंगपुर में 1,000 बिस्तरों वाले प्रस्तावित अस्पताल, शिक्षा और मानव-संसाधन विकास, दोनों देशों की जनता के स्तर पर संपर्क, ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग और महिला सशक्तीकरण पर भी चर्चा की।

ऑफ बीट

एआई से बढ़ी वित्तीय धोखाधड़ी सावधानी बरतने की जरूरत

फोन की घंटी बजती है और दूसरी तरफ आपके पोते की घबराई हुई आवाज सुनाई देती है। वह बताता है कि उसके साथ दुर्घटना हो गई है और उसे तत्काल पैसों की जरूरत है। आवाज पोते की आवाज जैसी ही होती है लेकिन पोते की आवाज नहीं होती। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार की गई आवाज होती है, जिसे इंटरनेट पर उपलब्ध किसी वीडियो या ऑडियो क्लिप से तैयार किया गया है। कई वर्षों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा को लेकर चेतावनियों का केंद्र कॉरपोरेट नेटवर्क और सरकारी प्रणालियां रही हैं। हालांकि, ये खतरे वास्तविक हैं, लेकिन अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के धोखाधड़ी संबंधी आंकड़ों से एक अलग तस्वीर सामने आती है—घरेलू खातों से बड़ी मात्रा में धन निकल रहा है। एफबीआई की 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, उसकी इंटरनेट क्राइम कंप्लेंट सेंटर (आईसी3) इकाई ने पहली बार एआई से जुड़े मामलों को अलग से दर्ज करना शुरू किया। अमेरिकियों ने ऐसे 22,000 से अधिक मामले दर्ज कराए और करीब 89 .3 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नुकसान की सूचना दी। इनमें से 63 .2 करोड़ डॉलर का नुकसान निवेश संबंधी धोखाधड़ी में हुआ जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को 35 .2 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ।

ट्रेंड

डिफेंस स्टार्टअप्स

भारत में डिफेंस स्टार्टअप्स की एक नई लहर उठ रही है। ये स्टार्टअप्स ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में आधुनिक डिफेंस सेक्टर को एक नई दिशा दे रहे हैं। आज का इनोवेशन ही कल की मिलिट्री क्षमता है। - **राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

सेवा संकल्प अभियान

'सेवा संकल्प अभियान' इस साल इसलिए भी खास है क्योंकि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी और तब से वे लगातार 25 सालों से जनसेवा में समर्पित हैं।
- **जगत प्रकाश नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

शिक्षा सिस्टम

भारत का शिक्षा सिस्टम उसी पीढ़ी को निराश कर रहा है जिसे उसे ऊपर उठाना था। पेपर लीक होना। बहुत ज़्यादा फ़ीस। खस्ताहाल इंफ्रास्ट्रक्चर। लाखों युवा भारतीय ईमानदारी से काम करते हैं, फिर भी सिस्टम उन्हें निराश करता है।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

लोकतंत्र दिवस

लोकतंत्र के इस अंतरराष्ट्रीय दिवस पर, हमें खुद को यह याद दिलाना चाहिए कि 'हम, भारत के लोग' ही लोकतंत्र की असली नींव और आत्मा हैं। सरकार की यह ज़िम्मेदारी है कि वह इस तरह काम करे जिससे लोगों का कल्याण हो। जो लोकतंत्र अपने लोगों की बात नहीं सुनता, वह लोकतंत्र नहीं है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सात बाउट में खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, युवाओं को मिलेगा बड़ा मंच

रोहतक में 19 को सजेगी इंटरनेशनल बॉक्सिंग ब्लास्ट फाइट नाइट, नशे से दूर रखना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से रोहतक के मानसरोवर पार्क में इंटरनेशनल बॉक्सिंग ब्लास्ट फाइट नाइट सीरीज-1' का भव्य आयोजन किया जाएगा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी ओमबीर हुड्डा ने प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह इवेंट हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु की अध्यक्षता और मार्गदर्शन में होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर से ट्रायल के जरिए चुने गए बेहतरीन सीनियर वर्ग के नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनके बीच 7 फाइनल बाउट करवाई जाएंगी।



दर्शकों के लिए एंट्री फ्री

आयोजकों ने बताया कि इस इवेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस रोमांचक फाइट नाइट को देखने के लिए दर्शकों से कोई एंट्री फीस नहीं ली जाएगी। बॉक्सिंग प्रेमी और आम नागरिक बिना किसी शुल्क के मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा सकते हैं।

भविष्य की योजनाएं

रोहतक से शुरू हुई इस पहल को लेकर संघ की योजना है कि भविष्य में इस तरह के आयोजन हर दो महीने में अलग-अलग जिलों में भी किए जाएं। संघ का दीर्घकालिक विजन इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का है, जिसके लिए सभी के सहयोग और प्रयासों की आवश्यकता है। इस अवसर डॉ. राजीव संचालक स्वर्ण आयुर्वेद, विनेश लाकड़ा कोर कमेटी सदस्य, डॉ. संदीप मोर सेक्रेटरी रोहतक बॉक्सिंग संघ, नवीन हुड्डा ज्वाइंट सेक्रटरी हरियाणा बॉक्सिंग संघ, इंटरनेशनल बॉक्सर व कोच संजीव कुमार, कोच विजय हुड्डा, कोच नवीन खोखर, कोच नवीन ढांडा, कोच नवीन नेहरा, कोच सुरेंद्र ढांडा, कोच मनोज कादियान, कोच दीपक छिक्कारा समेत अन्य कोच व पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता की मुख्य विशेषताएं

⏭ *प्रतिभागियों का चयन:* इस इवेंट में कुल सात फाइनल बाउट्स (मुकाबले) करवाई जा रही हैं। बच्चों का चयन उनके नेशनल और इंटरनेशनल स्तर की अचीवमेंट्स तथा ट्रायल बेसिस पर पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया है। इसमें भारत के विभिन्न हिस्सों से बेहतरीन खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

⏭ *प्रतिभागियों की आयु वर्ग:* इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के सीनियर वर्ग के बेहतरीन खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

⏭ *समय और स्थान:* यह ओपन बॉक्सिंग फाइट नाइट शाम 6:00 बजे मानसरोवर पार्क, रोहतक में आयोजित की जा रही है।

प्रशासन का सहयोग

जनरल सेक्रेटरी ओमबीर हुड्डा ने बताया कि इस आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन से पूरी तरह से अनुमति और प्रोटोकॉल का पालन किया गया है। रोहतक के प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य अतिथियों को इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है, जो सभी का मान-सम्मान बढ़ाएंगे। संघ का मुख्य जोर केवल खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देना है, बिना किसी भेदभाव के सभी को समान मंच प्रदान करना है।

युवाओं को सही दिशा देना उद्देश्य

जनरल सेक्रेटरी ओमबीर हुड्डा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक बेहतर मंच प्रदान करना है। आज का युवा सोशल मीडिया और अन्य भटकावों के चलते कई बार गलत आदतों या नशे की तरफ आकर्षित हो रहा है। ऐसे में इस तरह के खेल आयोजन बच्चों में अनुशासन पैदा करने और उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का काम करेंगे। खेलकूद से जुड़ने पर युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होगा तथा वे अनुशासित जीवन की ओर अग्रसर होंगे।

खबर संक्षेप

पहली बार अफ्रीका में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

बुडापेस्ट। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार अफ्रीका में होने जा रहा है जब मंगलवार को कीनिया की राजधानी नैरोबी को 2029 के सत्र का मेजबान चुना गया। कीनिया लंबे समय से लंबी दूरी की दौड़ में एक मजबूत देश रहा है लेकिन उसने अब तक इतने बड़े स्तर की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं की है। इसके बाद 2031 में चैंपियनशिप जर्मनी लौटेगी जहां म्यूनिख इसकी मेजबानी करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबेस्टियन को ने हंगरी में 'अल्टीमेट चैंपियनशिप' के बाद यह फ़ैसला सुनाते हुए कहा, 'अपनी चैंपियनशिप को पहली बार अफ्रीका ले जाना ऐतिहासिक होगा।' उन्होंने कहा, 'एथलेटिक्स कीनिया की संस्कृति का अहम हिस्सा है।' इस फैसले से ट्रैक पर शनदार प्रदर्शन करने वाले देश के तौर पर कीनिया की पहचान तो बढ़ेगी लेकिन साथ ही यह पूर्वी अफ्रीकी देश समीक्षा के दायरे में रहेगा क्योंकि उसके कुछ शीर्ष धावक डोपिंग में पकड़े गए हैं।

विमान के अंदर पथिरागे के 5 भाले क्षतिग्रस्त

कोलंबो। श्रीलंका के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी रुमेश पथिरागे को उस समय झटका लगा जब एशियाई खेलों से पहले हवाई यात्रा के दौरान उनके 5 भाले क्षतिग्रस्त हो गए, जिनसे उन्होंने अभी तक कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की थी। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी 13 सितंबर को विश्व एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद तुर्किए एयरलाइन्स की उड़ान से बुडापेस्ट से श्रीलंका लौट रहा था। पथिरागे ने कहा, 'विमान के अंदर मेरे सभी पांचों भाले क्षतिग्रस्त हो गए। इनसे मैंने जीत हासिल की थी। मैं आगामी एशियाई खेलों, 2028 के ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में इनका उपयोग करता।'

टी-20 सीरीज : सैमसन का अर्धशतक, नीतीश रेड्डी ने 3 विकेट झटके

भारत ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराकर 2-0 की विजयी बढ़त बनाई

भाषा ⏭ नई दिल्ली

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। अफगानिस्तान के 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सैमसन (57 रन, 22 गेंद, सात चौके, चार छक्के) और अभिषेक शर्मा (39 रन, 19 गेंद, दो चौके, चार छक्के) के बीच पहले विकेट की 6.2 ओवर में 88 रन की साझेदारी की बदौलत सिर्फ 14.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इशान किशन ने भी 23 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से नाबाद 38 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर से दिग्गज लेग स्पिनर राशिद खान ने 36 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। नितीश कुमार रेड्डी (24 रन पर तीन विकेट) और अर्शदीप सिंह (35 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने इससे पहले अफगानिस्तान को नियमित अंतराल पर झटके दिए जिससे टीम आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी।

अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई ने भी एक-एक विकेट चटकाया। अफगानिस्तान की ओर से कप्तान इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। राशिद खान (28) और मोहम्मद नबी (20) ने सातवें विकेट के लिए 48 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

दारविश रसूली (26) ने भी उपयोगी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को अभिषेक और सैमसन की जोड़ी ने तूफानी शुरुआती दिलाई। दोनों ने पावर प्ले में 82 रन जोड़े। अभिषेक ने मुजीब उर रहमान की लगातार गेंदों पर चौकों के साथ खाता खोला और फिर नबी पर दो छक्के जड़े। सैमसन ने धीमी शुरुआत के बाद अजमतुल्लाह की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा। उन्होंने नबी को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में तीन छक्कों और दो चौकों से 27 रन बटोरे।

अफगानिस्तान-159/8 (20)

खिलाड़ी	रन
इब्राहिम का बिश्नोई बो रेड्डी	37
गुरबाज का बिश्नोई बो अर्शदीप	00
अटल का तिलक बो बिश्नोई	12
नायब का सैमसन बो रेड्डी	10
रसूली का तिलक बो अर्शदीप	26
उमरजई का तिलक बो अक्षर	11
मोहम्मद का अय्यर बो बुमराह	20
राशिद खान का अक्षर बो रेड्डी	28
नूर अहमद नाबाद	07
मुजीब उर रहमान नाबाद	04

अतिरिक्त: 04
कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 159 रन
विकेट पतन: 1-0, 2-51, 3-59, 4-67, 5-96, 6-100, 7-148, 8-148
गेंदबाजी: बुमराह 4-1-25-1, अर्शदीप 4-0-35-2, अक्षर 4-0-28-1, बिश्नोई 4-0-32-1, रेड्डी 3-0-24-3, दुबे 1-0-13-0

भारत-163/3 (14.5)

खिलाड़ी	रन
सैमसन का नबी बो राशिद	57
अभिषेक का सेदिकुल्लाह बो राशिद	39
इशान किशन नाबाद	38
श्रेयस का जादरान बो राशिद	11
तिलक वर्मा नाबाद	15

अतिरिक्त: 03
कुल:14.5 ओवर में तीन विकेट पर: 163 रन
विकेट पतन: 1-88, 2-99, 3-123
गेंदबाजी: मुजीब 3-0-37-0, नबी 3-0-44-0, अजमतुल्लाह 2-0-25-0, राशिद 3.5-0-36-3, नूर 2-0-14-0, फारूकी 1-0-6-0

सबसे लंबे समय तक वनडे खेलने वाले बने खिलाड़ी

जिम्बाब्वे के टेलर ने तोड़ा तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ⏭ हरारे

जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच हरारे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान पर पहला वनडे मुकाबला खेला जा रहा है। पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। इस मैच में मैदान पर उतरने के साथ ही जिम्बाब्वे के विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने सचिन तेंदुलकर का सबसे लंबे वनडे करियर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

वनडे करियर में टेलर के 205 पारियों में 6,704 रन

टेलर जिम्बाब्वे के सबसे सफल बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। अपने वनडे करियर में टेलर अब तक 205 पारियों में 6,704 रन बना चुके हैं। वह जिम्बाब्वे की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ एंडी फ्लावर हैं, जिन्होंने 208 पारियों में 6786 रन बनाए। टेलर ने अपने करियर में तीनों फॉर्मेट में जिम्बाब्वे की कप्तानी भी की है। उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में शानदार प्रदर्शन किया था और दो शतक लगाए थे। इनमें से एक शतक उन्होंने भारत के खिलाफ बनाया था। विश्व कप 2015 में भारत के खिलाफ मैच के बाद टेलर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के काउंटी क्लब नॉटिंघमशायर के साथ तीन साल का 'कोलपैक' करार किया। हालांकि, वह इस अनुबंध को पूरा नहीं कर सके और अपने आखिरी सीजन के दौरान ही क्लब छोड़ दिया।

22 साल, 4 महीने का हुआ करियर

टेलर ने रिटायरमेंट और आईसीसी के साढ़े तीन साल के निलंबन के बाद 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। अब वह 2004 में अपने डेब्यू के बाद से 22 साल और 146 दिन तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है। उन्होंने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनका 1989 से 2012 तक 22 साल और 91 दिनों का शानदार वनडे करियर रहा। अब टेलर सबसे लंबे समय तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

उत्तर क्षेत्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप: देहरादून में हरियाणा के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, जीते 13 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उत्तराखंड के देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित 37वीं उत्तर क्षेत्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के एथलीटों ने अपने दमदार खेल प्रदर्शन से शानदार शुरुआत की है। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य से 171 लड़के और लड़कियां भाग ले रहे हैं। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने अबतक 13 जीते हैं। एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ (फरीदाबाद) ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं। महासचिव प्रदीप मलिक ने सभी विजेताओं के परिणामों की जानकारी साझा की।

इन खिलाड़ियों ने जीते पदक

⏭ **अखिल कुमार (भिवानी):** डिस्कस थ्रो और शॉट पुट इवेंट दोनों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए।
⏭ **रक्षित बेनीवाल (सोनीपत):** शॉट पुट इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया।
⏭ **दीपेन्द्र (महेंद्रगढ़):** 800 मीटर दौड़ में बेहतरीन दौड़ लगाते हुए स्वर्ण पदक जीता।
⏭ **मन्नत (पानीपत):** 100 मीटर दौड़ में शानदार गति दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।
⏭ **हनप्रीत (कैथल):** शॉट पुट इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया।
⏭ **मोनी (पानीपत):** 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता।
⏭ **निशा (चरखी दादरी):** जैवलिन थ्रो इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया।
⏭ **आर्यन यादव (भिवानी):** लड़का जैवलिन थ्रो इवेंट में रजत पदक जीता।
⏭ **अनमोल (जींद):** लड़की शॉट पुट इवेंट में रजत पदक हासिल किया।
⏭ **रुद्र (पानीपत):** डिस्कस थ्रो इवेंट में कांस्य पदक जीता।
⏭ **ध्रुव यादव (रेवाड़ी):** हाई जंप इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया।
⏭ **युवराज (पानीपत):** शॉट पुट इवेंट में कांस्य पदक जीता।
⏭ **नेहा सैनी (फरीदाबाद):** 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया।

भारत में फॉर्मूला वन की वापसी की तैयारी, टास्क फोर्स का गठन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी की दिशा में चुनौतियों की समीक्षा के लिए नीति आयोग के कार्यक्रम निदेशक और सलाहकार युगल किशोर जोशी की अध्यक्षता में एक कार्यबल का गठन किया है। दस सदस्यीय समिति में खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुणाल और भारतीय मोटर स्पोर्ट्स महासंघ के अध्यक्ष भी होंगे, जो इस समय अरिंदम घोष हैं। महासंघ के चुनाव इस महीने के आखिर में होने हैं। कार्यबल में वाणिज्य और पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि भी होंगे।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि, राजस्व विभाग के प्रतिनिधि , बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट और मद्रास इंटरनेशनल सर्किट के प्रतिनिधि, एफएमएससीआई की ओर से नामित तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे।

2028 में रेस की मेजबानी

खेलमंत्री मांडविया ने कहा,'इस समिति का काम भारत में मोटस्पोर्ट के विकास के लिए व्यापक तरीके सुझाना और फॉर्मूला वन को फिर से यहां शुरू करने के लिए रोडमैप तैयार करना है ताकि हम 2028 में रेस की मेजबानी कर सकें।'

जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक एशियन गेम्स

टी-20 फॉर्मेट में फिर गूंजेगा भारत का डंका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एशियन गेम्स में 'क्रिकेट' भारत के लिए एक बार फिर सबसे बड़े 'गोल्ड मेडल' दावेदारों में होगा, जिसमें एक नहीं, बल्कि दो गोल्ड देश के नाम हो सकते हैं। साल 2023 में आयोजित हांगझोउ एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों ने गोल्ड जीते थे। इस बार जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच खेले जाने वाले एशियन गेम्स में फिर से भारतीय फैंस को अपने खिलाड़ियों से ऐसी ही आस है। यह मुकाबले टी20 फॉर्मेट में खेले जाने हैं, जिसमें हाल के समय में भारत की पुरुष और महिला टीम का दबदबा नजर आया है।

भारत के पास प्रतिभा और अनुभव का मिश्रण

एक ओर पुरुष टीम इसी साल मार्च में टी20 वर्ल्ड कप विजेता बनी है, तो दूसरी तरफ बीते रविवार को महिला टीम ने एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट में भारत के पास प्रतिभा और अनुभव का शानदार मिश्रण है। पुरुष टीम में कई ऐसे खिलाड़ी मौजूद हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। वहीं, महिला क्रिकेट में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा जैसी अनुभवी खिलाड़ी हैं। इनके साथ युवा प्रतिभाओं की मौजूदगी टीम को संतुलित बनाती है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम का चयन आज

भारतीय राष्ट्रीय चयन समिति बुधवार को जब वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए टीम का चयन करेगी तो ऋषभ पंत और फिट होकर लौटे हार्दिक पंड्या को शामिल किए जाने की संभावना पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेलेगा। टी20 मैचों की शुरुआत 6 अक्टूबर से होगी और पूरी संभावना है कि इसके लिए वही टीम चुनी जाएगी, जो एशियाई खेलों में भाग लेगी।

विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना लक्ष्य : सिंड्रेला

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय टेबल टेनिस में तेजी से उभरती 17 वर्षीय खिलाड़ी सिंड्रेला दास का लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना और जल्द से जल्द विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना है। सिंड्रेला अभी आईटीटीएफ (अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ) की महिला एकल रैंकिंग में 99वें जबकि युवा वर्ग में 27वें स्थान पर काबिज हैं। उन्हें विश्वास है कि वह जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में अपनी अच्छी फॉर्म बरकरार रखने में सफल रहेंगी।

पिछले महीने राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महिला एकल और अंडर-19 लड़कियों के एकल में खिताब जीतने से कोलकाता की सिंड्रेला पर सबकी निगाहें टिक गईं। उनकी उपलब्धियों में अल्टीमेट टेबल टेनिस के महिला एकल मैच में स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा को हराना भी शामिल है।

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश

फिटनेस बनाने पर ध्यान केंद्रित

सिंड्रेला ने कहा कि जब वह खेल नहीं रही होती हैं तो मानसिक रूप से मजबूत बनने और अपनी गलतियों का विश्लेषण करने पर ध्यान देती हैं। उन्होंने कहा, ' जब मैच नहीं चल रहे होते हैं तो मैं अपनी फिटनेस और मानसिक रूप से मजबूत बनने पर ध्यान केंद्रित करती हूं। मैं सुबह करीब 3-4 घंटे और शाम को 2-3 घंटे अभ्यास करती हूं और अपनी फिटनेस को भी बराबर समय देती हूं।'

एशियाई खेलों को लेकर बेहद उत्साहित

सिंड्रेला ने कहा, 'मैं एशियाई खेलों को लेकर बेहद उत्साहित हूं। हम निश्चित रूप से स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे। मेरा लक्ष्य जल्द से जल्द विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना भी है।' सिंड्रेला ने कहा कि यह सत्र उनके लिए सबसे अच्छा रहा है और वह राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में भी सफल रही लेकिन अब भी बहुत कुछ सीखना बाकी है। उन्होंने कहा, 'यह सत्र मेरे लिए बहुत अच्छा रहा है क्योंकि मेरा चयन एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप और युवा ओलंपिक के लिए हो चुका है। मैं अब सीनियर टीम में हूं। बेशक मैंने कई मैच हारे हैं, कई जीते हैं। अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है।'

दगडूशेठ गणपति के समक्ष महिलाओं का अथर्वशीर्ष पाठ

पाठ में हिस्सा लेने के लिए महिलाएं केवल पुणे से ही नहीं, बल्कि मुंबई, सातारा, कोल्हापुर और लातूर से भी पहुंची थीं। हल्की बारिश के बावजूद कई महिलाएं तड़के 2 बजे से ही कतारों में आकर खड़ी हो गई थीं

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी पुणे में ऋषि पंचमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। प्रसिद्ध श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई सार्वजनिक गणपति मंदिर के बाहर मंगलवार सुबह ऐतिहासिक नजारा देखने को मिला। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति ट्रस्ट के 134वें गणेश चतुर्थी समारोह के दौरान ऋषि पंचमी के दौरान 35,000 से अधिक महिलाओं ने एक साथ उपस्थित होकर भगवान गणेश के अति-पवित्र 'गणपति अथर्वशीर्ष' का सामूहिक पाठ किया। इस पावन अवसर पर पारंपरिक परिधानों में पहुंचीं महिलाओं के कारण मंदिर से लेकर नाना वाड़ा तक का पूरा इलाका भक्ति और रंगों के अनूठे संगम में तब्दील हो गया।

41वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी परंपरा

अथर्वशीर्ष का पाठ करती महिलाएं

35,000 से अधिक महिलाओं ने किया पाठ

मंदिर से नाना वाड़ा तक इलाका भक्तिमय हुआ

शंखनाद और ओंकार के साथ शुरुआत

समारोह का शुभारंभ शंखनाद और ओंकार जाप के साथ हुआ। इसके बाद 'गणराजा गणनायका' और 'मोरया रे बाप्पा मोरया रे' जैसे भक्ति गीतों ने माहौल को पूरी तरह गणेशमयी बना दिया। इसके उपरांत, 'ॐ नमो गणपतये', 'मोरया मोरया' और 'ॐ गं गणपतये नमः' के दिव्य जयघोष के बीच सामूहिक अथर्वशीर्ष पाठ शुरू हुआ। पाठ के समापन पर हजारों महिलाओं ने हाथ उठाकर तालियों की गूंज के साथ महाआरती में भाग लिया।

रात 2 बजे से कतारों में खड़ी रहीं महिलाएं

श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई सार्वजनिक गणपति ट्रस्ट और सुवर्णयुग तरुण मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का यह 41वां वर्ष था, जिसे ट्रस्ट के 134वें गणेशोत्सव के तहत आयोजित किया गया। पाठ में हिस्सा लेने के लिए महिलाएं केवल पुणे से ही नहीं, बल्कि मुंबई, सातारा, कोल्हापुर और लातूर से भी पहुंची थीं। हल्की बारिश के बावजूद कई महिलाएं तड़के 2 बजे से ही कतारों में आकर खड़ी हो गई थीं।

मुकेश अंबानी के घर विराजे बप्पा

मुंबई में मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया पर आयोजित गणपति उत्सव में बॉलीवुड और राजनीति से जुड़ी कई हस्तियां और संत शामिल हुए। उनकी छोटी बहू राधिका अंबानी ने भगवान गणेश के चरणों में एक भावपूर्ण और मनमोहक नृत्य पेश कर बप्पा को अनोखी भक्ति की है।

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने मुंबई के लालबागचा राजा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

बिहार के सीएम सम्राट चौधरी गणेश उत्सव के दौरान पूजा करते हुए।

तिरुवनंतपुरम, केरलम में गणेश चतुर्थी उत्सव में पझावंगडी श्री महा गणपति मंदिर में अरट्टू जुलूस में श्रद्धालु

गणेश उत्सव के लिए कोलकता की मिठाई की दुकान में बड़ा लड्डू बनाया।

मसूद अजहर पर 70 लाख के इनाम की झूठी घोषणा पर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा

पाक आतंकी के खिलाफ ठोस एक्शन ले, 'गुमराह' करने की कोशिश न करे

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के ऐसे हथकंडे और लोगों को गुमराह करने की कोशिशें कोई नई बात नहीं हैं। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश का ऐसी झूठी घोषणाएं करना, हम सभी जानते हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर की गिरफ्तारी या सजा दिलाने में मदद करने वाली जानकारी के लिए 70 लाख रुपए के इनाम की घोषणा करने पर पाकिस्तान की आलोचना की। भारत ने इसे झूठा कदम बताया और इस्लामाबाद से आतंकी संगठन के प्रमुख के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने को कहा। अजहर पर इनाम बरकरार रखने के पाकिस्तान के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस्लामाबाद की घोषणा का कोई नतीजा निकलने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ऐसे हथकंडे और लोगों को गुमराह करने की कोशिशें कोई नई बात नहीं हैं। हमने पहले भी ऐसे हथकंडे देखे हैं। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश का ऐसी झूठी घोषणाएं करना, हम सभी जानते हैं वे कितनी खोखली होती हैं। पाकिस्तान को ऐसी घोषणाएं करने के बजाए ठोस कार्रवाई करनी चाहिए, जिनका आखिरकार कोई नतीजा नहीं निकलता। जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर को भारत में कई आतंकी हमलों के लिए वांछित माना जाता है, जिनमें 2001 का संसद हमला भी शामिल है। भारत ने जैश ए मोहम्मद को 2016 के पठानकोट एयरबेस हमलों और 2019 के पुलवामा बम विस्फोट के जिम्मेदार माना है। उसका नाम पहली बार 2021 में एफआईए की रेड बुक में शामिल किया गया था और इसे 2026 में भी बरकरार रखा गया है। बता दें कि पाकिस्तान की फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) ने आतंकियों की नई रेड बुक में मसूद अजहर को एक बार फिर भगोड़ा घोषित किया। पाकिस्तान ने यह कार्रवाई अक्टूबर में होने वाली एफएटीएफ की बैठक से पहले की है।

मसूद संसद, पठानकोट एयरबेस और पुलवामा हमले का आरोपी है

अजहर को बचाने और संरक्षित करने में पाकिस्तान ने पूरी ताकत झौंकी

एफआईए की रेड बुक में शामिल

जायसवाल

पाकिस्तान ने अजहर को फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की सबसे ज्यादा वांछित आतंकवादियों की रेड बुक में शामिल करना जारी रखा है और उसकी गिरफ्तारी या सजा दिलाने वाली जानकारी के लिए 7 मिलियन पाकिस्तानी रुपए का इनाम भी रखा है।

तालिबान कर चुका पाकिस्तान के दावे को खारिज

एफआईए का कहना है कि मसूद अभी अफगानिस्तान में छिपा हुआ है, जबकि तालिबान शासन इस दावे को कई बार खारिज कर चुका है।

अजहर

वहीं, खुफिया एजेंसियां और पाकिस्तान पर नजर रखने वाले लोग इस कदम को एफएटीएफ की निगरानी से बचने की कोशिश के तौर पर देख रहे हैं। उनका मानना है कि मसूद के खिलाफ पाकिस्तना कार्रवाई करने का दिखावा कर रहा है, जबकि उसके असल ठिकाने को अंतरराष्ट्रीय जांच और निगरानी से दूर रखना चाहता है।

एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रह चुका है पाकिस्तान

इससे पहले पाक एफएटीएफ (वित्तीय कार्रवाई कार्यबल) की ग्रे लिस्ट में रह चुका है। पाक पर आतंकी फंडिंग व मनी लांड्रिंग के खिलाफ कार्रवाई करने का अंतरराष्ट्रीय दबाव था। अक्टूबर 2022 में पाक इस लिस्ट से बाहर हुआ था। अब फिर से अक्टूबर में एफएटीएफकी बैठक होने वाली है।

धमकी भरा संदेश वायरल

पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के घर से जुड़ा एक ऑडियो संदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वायरल ऑडियो में मौजूद शख्स ने गंभीर धमकी दी है। उसने दावा किया है कि उसके पास हजारों की संख्या में आत्मघाती हमलावर तैयार बैठे हैं, जो किसी भी वक्त, कहीं भी हमला कर सकते हैं।

एआई बदलेगा युद्ध का तरीका! आज की कल्पना बनेगी कल की ताकत: राजनाथ

- दिल्ली स्थित डीआरडीओ भवन में आयोजित किया गया विमर्श
- मंत्री ने 2047 तक रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार डीआरडीओ की ओर से आयोजित डीआरडीओ-इंडस्ट्री सिनर्जी मीट 'विमर्श 2026' को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना केवल आर्थिक रूप से मजबूत देश बनाने तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य ऐसा भारत बनाना है जो तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर, सामाजिक रूप से समावेशी, पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ और रणनीतिक रूप से सुरक्षित हो। भविष्य के युद्ध में तकनीकी बढ़त ही रणनीतिक बढ़त तय करेगी। आज हम जिस तकनीक की कल्पना कर रहे हैं, वही कल की सैन्य क्षमताओं का आधार बनेगी। इस व्यापक लक्ष्य को हासिल करने में रक्षा क्षेत्र की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और यह इस विजन का 'आधार स्तंभ' है।

हसीना की पार्टी के 7 नेताओं को मौत की सजा

ढाका। बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने 2024 के छात्र आंदोलन से जुड़े मानवता के खिलाफ अपराधों के मामले में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के सात वरिष्ठ नेताओं को मौत की सजा सुनाई है। इनमें पार्टी के महासचिव और पूर्व मंत्री ओबैदुल कादर भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति नजरुल इस्लाम चौधरी की अध्यक्षता वाली ट्रिब्यूनल-2 ने यह फैसला सुनाया। पीठ में न्यायमूर्ति मो. मंजुरुल बशिद और न्यायमूर्ति नूर मोहम्मद शाहरीयार कबीर भी शामिल थे। अदालत ने कहा कि आरोप साबित हो गए हैं, इसलिए सबसे बड़ी सजा दी गई है। बताया जा रहा है कि सभी सात आरोपी फरार हैं। यानी देश से बाहर हैं। उनकी अनुपस्थिति में कोर्ट में मुकदमा चला। अदालत के मुताबिक, जुलाई-अगस्त 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ चले छात्र आंदोलन के दौरान इन नेताओं पर हत्या, हिंसा भड़काने, उकसाने और साजिश रचने के आरोप थे।

खबर संक्षेप

ईरान में उड़ान भरते ही विमान का टायर फटा

मशहद। ईरान के मशहद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान का हवा में ही एक टायर फट गया। सेफरान एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान के टायर फटने के बाद इंजन को भी नुकसान पहुंचा। पायलट ने विमान को सुरक्षित वापस मशहद ले जाने का फैसला किया। यह विमान मशहद से केरमानशाह जा रहा था। घटना के दौरान विमान के अंदर बैठे यात्री काफी घबरा गए।

नाटो के लड़ाकू विमानों ने ड्रोन को मार गिराया

विलनियस। लिथुआनिया में नाटो के लड़ाकू विमानों ने सोमवार रात लिथुआनिया के हवाई क्षेत्र में दाखिल एक ड्रोन को मार गिराया। अधिकारियों के अनुसार, यह पहला मौका है जब लिथुआनिया के हवाई क्षेत्र में किसी ड्रोन को मार गिराया गया है। ड्रोन कहां से आया और उसका उद्देश्य स्पष्ट नहीं है।

गाजा युद्ध पर आधारित नाजा डॉक्यूमेंट्री पर विवाद, पूरी दुनिया में चर्चा

गाजा पर फिल्म: खतरे में आई मेकर्स की नागरिकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वेनिस फिल्म फेस्टिवल में नाजा डॉक्यूमेंट्री ने काफी ध्यान खींचा। इसे वहां स्पेशल जूरी पुरस्कार प्रदान किया गया। फिल्म देखने वालों ने तालियां बजाईं। मगर, इसी के साथ यह फिल्म सवालों के घेरे में भी है। फिल्म के मेकर्स पर इजराइल के खिलाफ नफरत फैलाने के प्रयास का आरोप है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फिल्म पर सवाल उठाए हैं और इसे यहूदियों के खिलाफ नफरत फैलान की कोशिश बताया है। नाजा ब्रिटिश डॉक्यूमेंट्री फिल्म है, जो कथित तौर पर गाजा संघर्ष पर आधारित है। इसे 10 सितंबर 2026 को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया है। फिल्म गाजा युद्ध के दौरान इजराइल सेना द्वारा फिलिस्तीनी नागरिकों की बड़े पैमाने पर हो रही हत्याओं को दिखाती है। इस डॉक्यू फिल्म में सेना और इंटेलिजेंस के अंदरूनी सूत्रों के 24 इंटरव्यू का सहारा लिया गया है। इनकी पहचान गुप्त रखी गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में इजराइल सैन्य अभियानों पर बेस्ड नाजा को चौंकाने वाला बताया। उन्होंने इस पर सवाल उठाए हैं और इस डॉक्यूमेंट्री को एक उकसावा करार दिया है। उन्होंने फिल्म पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह फिल्म यहूदियों के खिलाफ दुनियाभर में भड़काई जा रही नफरत का ही एक हिस्सा है। इजराइल के तमाम अधिकारियों ने भी फिल्म पर आपत्ति जताई है और नाजा के मेकर्स के खिलाफ कानूनी एक्शन की मांग की है। नेतन्याहू ने टेलीग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, यह चौंकाने वाली बात है। हम दुनिया भर में यहूदियों के खिलाफ नफरत फैलाने वाली बातों से लड़ रहे हैं। ऐसी बातें जब हमारे अपने लोगों की तरफ से आती हैं, तो यह बर्दाश्त के बाहर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डॉक्यू फिल्म नाजा में गाजा में इजराइली सेना की कार्रवाई से जुड़े पहलू शामिल किए गए हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का नाम कथित तौर पर इजराइल सेना के उस शब्द से लिया गया है, जिसका इस्तेमाल जंग में होने वाली संभावित अतिरिक्त मौतों के लिए किया जाता है।

वेनिस फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कार हासिल कर चुकी है डॉक्यूमेंट्री



युद्ध के समय दुश्मन की मदद जैसी कार्रवाई

इजराइल के कल्चर मिनिस्टर मिकी जोहर के मुताबिक, उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि वे इस बात की जांच करें कि ये कंटेंट कैसे हासिल किया गया? क्या इन्हें हासिल करने या पब्लिश करने की प्रक्रिया में कुछ ऐसी कार्यवाई हुई, जो युद्ध के समय दुश्मन की मदद करने के बराबर हो। उन्होंने इस संबंध में इजराइल के गृह मंत्रालय को पत्र लिखा और कहा फिल्म में किए गए दावे झूठे हैं। इन्हें तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा, सैनिकों और इस्राइल को जानबूझकर अपराध करने वालों के तौर पर दिखाने की कोशिश को पूरी तरह से खारिज करता हूं। मिकी जोहर ने देश के नागरिकता कानून का भी जिक्र पत्र में किया है। उन्होंने कहा कि यह इजराइल राज्य के प्रति निष्ठा तोड़ने की वजह से नागरिकता रद्द करने की इजाजत देता है। कल्चर मिनिस्टर के लिखे पत्र से साफ है कि फिल्म के निर्माताओं की नागरिकता पर खतरा मंडरा सकता है। इजराइल सरकार के सदस्यों के अलावा इस्राइल रक्षा बल ने भी फिल्म में लगाए गए आरोपों को खारिज किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28